आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 25 फरवरी 2025 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-326 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 26 फरवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को आजीवन कारावास

नई दिल्ली,25 फरवरी। पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को 1984 सिख दंगा मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई. दिल्ली राऊज एवन्यू कोर्ट ने दोषी करार कांग्रेस नेता पर आज सजा का ऐलान किया. स्पेशल CBI जज कावेरी बावेजा ने इस मामले में फैसला सुनाया. पूर्व कांग्रेस सांसद पहले से ही इस मामले में जेल में बद है. गौरतलब हो कि यह मामला 1 नवंबर 1984 को सिख दंगे के दौरान सरस्वती विहार इलाके में पिता-पुत्र की हत्या से जुड़ा है. कोर्ट ने कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को भीड़ को हमला करने के लिए उकसाने और सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुणदीप सिंह को भीड़ द्वारा जिंदा जलाने के मामले में दोषी पाया था. पीड़ित पक्ष और दिल्ली पुलिस ने सज्जन कुमार को फांसी की मांग की थी. बता दें कि 31 जनवरी को कोर्ट ने मामले में दिल्ली पुलिस की तरफ से पेश सरकारी वकील मनीष रावत की महत्वपूर्ण दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. दोषी के वकील अनिल शर्मा ने कोर्ट में दलील दी थी कि कांग्रेस नेता सज्जन कुमार का नाम शुरू से ही नहीं था. वहीं इस मामले में गवाह ने सज्जन कुमार का नाम 16 साल बाद लिया. इस मामले में आगे की जांच के दौरान 23 नवंबर 2016 को शिकायतकर्ता के बयान को दर्ज किया गया था.

सदन में गूंजा अघोषित बिजली कटौती का मामला

रायपुर,25 फरवरी। विधानसभा में आज प्रदेश में चल रही अघोषित बिजली कटौती का मामला गूंजा। विपक्ष के डॉ चरणदास महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, उमेश पटेल और द्वारकाधीश यादव ने शून्यकाल में यह मामला उठाते हुए कहा कि प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती से खेतों को पानी नहीं मिल रहा है और फसल चौपट होने की कगार पर है। विपक्ष के सदस्यों ने इस पर स्थगन प्रस्ताव लाते हुए चर्चा कराने की मांग की, जिसे विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने अस्वीकार कर दिया।

जेलों में कैदियों ने किया गंगा जल स्नान

रायपुर,25 फरवरी। छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा की पहल पर जेलों में कैदियों का गंगा जल स्नान कराया गया। विशेष आयोजन के तहत 5 सेंट्रल जेल, 20 जिला जेल और 8 सब-जेल में कैदियों ने गंगा जल से स्नान किया। महाकुंभ के ऐतिहासिक अवसर पर कैदियों को आध्यात्मिक लाभ देने के लिए सरकार ने विशेष पहल की है। दरअसल, कैदियों के आत्मशुद्धि और नैतिक उत्थान के लिए उन्हें गंगा जल से स्नान कराया गया। इसके लिए जेल प्रशासन की तरह से विशेष व्यवस्था की गई है। इस दौरान सभी में भारी उत्साह देखने को मिला। वहीं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, सरकार सुधार और पुनर्वास के लिए आगे भी ऐसे कार्यक्रम चलाएगी। गृहमंत्री विजय शर्मा लेकर प्रयागराज से गंगा जल लेकर आए थे। छत्तीसगढ़ के जेल में बंद 18 हज़ार 500 से ज्यादा कैदियों ने त्रिवेणी के जल से स्नान किया।

शराब घोटाला: राजीव भवन में ईडी की दबिश

4 सदस्यीय टीम ने की प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह से बंद कमरे में पूछताछ

रायपुर,25 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

शराब घोटाला मामले में पूर्व मंत्री कवासी लखमा के साथ पूछताछ के बाद आज ईडी की टीम राजीव भवन (कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय) पहुंची. यहां प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह से बंद कमरे के पूछताछ की गई। ED की 4 सदस्यीय टीम सुरक्षा बल के साथ कांग्रेस भवन पहुंची। कांग्रेस दफ्तर में कुछ देर रुककर दस्तावेजों की जांच कर ईडी की टीम रवाना हो गई। ईडी के कांग्रेस दफ्तर पहुंचने के बाद इस बात की चर्चा है कि जांच का दायरा बढ़ाया जाएगा तथा भविष्य में ईडी बड़ी कार्रवाई कर सकती है। ऐसा संदेश व्यक्त किया जा रहा है कि कोंटा व सुकमा में घोटाले के पैसे से राजीव भवन का निर्माण किया गया है। कवासी लखमा से पूछताछ के बाद ईडी को इस घोटाले से संबंधित कोई जानकारी मिली होगी।ईडी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के शासनकाल के दौरान साल 2019 से 2022 तक लाइसेंसी शराब दुकानों पर डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब बेची जाती थी, जिसके चलते छत्तीसगढ़ के राजस्व विभाग को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ था. उस दौरान शराब को स्कैनिंग से बचाने के लिए नकली होलोग्राम भी लगाया जाता था, ताकि वह किसी की पकड़ में न आ सके. इस होलोग्राम को बनाने के लिए घोटाले में संलिप्त लोगों ने उत्तर प्रदेश के नोएडा में होलोग्राफी का काम करने वाली PHSE (प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड) कंपनी को टेंडर दिया था. ईडी ने अपनी जांच के बाद यह बताया है कि यह कंपनी होलोग्राम बनाने के लिए पात्र नहीं थी, फिर भी नियमों में संशोधन करके यह टेंडर उसी कंपनी को दे दिया गया था. ईडी के टेंडर दिलाने के एवज में कंपनी के मालिक से भारी कमीशन लिया गया था. यह जानकारी सामने आने के बाद जब कंपनी के मालिक विधु गुप्ता को ईडी ने गिरफ्तार किया तो उसने कांग्रेस सरकार में CSMCL में एमडी अरुणपति त्रिपाठी, बिजनेसमैन अनवर ढेबर और अनिल टुटेजा का नाम लिया. ED ने जब इन तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया, तो मामले में और भी खुलासे होने लगे. इसके बाद साल 2024 के अंत में कांग्रेस विधायक और पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा का नाम सामने आया. सूत्रों के मुताबिक श्वष्ठ की जांच में पता चला है कि कवासी लखमा को शराब घोटाले से पीओसी (प्रोसीड ऑफ क्राइम) से हर महीने कमिशन मिलाता था. बीते साल 28 दिसंबर को ईडी ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के रायपुर के धरमपुरा स्थित बंगले पर पहुंची थी. इस दौरान पूर्व मंत्री की कार को घर से बाहर निकालकर तलाशी ली गई. साथ ही, कवासी के करीबी सुशील ओझा के चौबे कॉलोनी स्थित घर और सुकमा जिले में लखमा के बेटे हरीश लखमा और नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू के घर पर भी दबिश दी गई. ईडी के छापे के बाद कवासी लखमा ने कहा था कि घोटाला हुआ है या फिर नहीं, मुझे इसकी जानकारी नहीं है. मैं अनपढ़ आदमी हूं, अधिकारी मुझे जहां साइन करने को कहते थे, मैं कर देता था.

ईडी **को मिले थे अहम सबूत**-पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके करीबियों के घर पर छापामार कार्रवाई के बाद ईडी ने 2 जनवरी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए लिखा था कि, छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत रायपुर, धमतरी और सुकमा जिलों में स्थित 7 जगह तलाशी अभियान चलाया गया. ईडी घोटाले की प्रासंगिक अवधि के दौरान कवासी लखमा द्वारा नकद में (पीओसी) प्रोसीड ऑफ क्राइम यानी की अपराध से अर्जित आय के उपयोग से जुड़े सबूत जुटाने में सक्षम हो गया है. इसके अलावा, तलाशी में कई डिजिटल डिवाइस बरामद और जब्त की गईं.

मुझे जानकारी नहीं: सिंहदेव

पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि मुझे ईडी की कार्रवाई की कोई जानकारी नहीं है। ईडी की टीम अपने विवेक से काम कर रही होगी। यह जांच की की प्रक्रिया है। मुझे ऐसा कोई कारण नजर नहीं आता कि टीम को कांग्रेस कार्यालय पहुंचना पड़ा।

दुर्भाग्यजनक कार्रवाई: महंत

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने इसे दुर्भाग्य जनक वह निंदनीय कार्रवाई बताते हुए कहा कि यह विरोधियों को प्रताड़ित करने की कार्रवाई है। विपक्षी नेताओं को परेशान किया जा रहा है। अब तक जांच में कुछ नहीं मिला तो इस तरह के हथकंडे अपनाये जा रहा है।

सदन में उठा बिलासपुर जिले में जहरीली शराब से मौतों का मामला

रायपुर,25 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

बिलासपुर जिले के लोफंदी गांव में हुई मौतों का मामला बजट सत्र के दौरान शून्यकाल में उठा। नेता प्रतिपक्ष ने इसे जहरीली शराब से हुई मौत करार देते हुए सरकार से स्थगन लाकर चर्चा की मांग की। उन्होंने कहा कि इस घटना से ग्रामीणों में डर का माहौल है और सरकार को तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए। गृह मंत्री विजय शर्मा ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इन मौतों को शराब से जोड़ना सही नहीं है। उन्होंने बताया कि मृतकों का पोस्टमार्टम कराया गया है, लेकिन अब तक मौतों का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। ÷लोफंदी गांव में स्वाभाविक मौतें हुई हैं। मृतक कुम्भ लहरे की मौत लो ब्लड प्रेशर और अन्य बीमारियों के कारण हुई थी, वे मानसिक रूप से भी बीमार थे, गृह मंत्री ने सदन में बताया। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि स्थानीय पुलिस ने तीन मर्ग कायम किए हैं, लेकिन डॉक्टरों ने मौतों का स्पष्ट कारण नहीं दिया है। मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है, जो विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी। सरकार की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि प्रदेश में अवैध शराब की बिक्री पर लगातार कार्रवाई हो रही है। ÷यह कहना गलत है कि शराब दूध के पैकेट की तरह बेची जा रही है। आबकारी विभाग बाहर से आने वाली शराब पर भी कड़ी नजर रखे हुए है, गृह मंत्री ने कहा। इस मामले पर विपक्ष और सरकार के बीच सदन में तीखी बहस हुई। विपक्ष ने सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठाए, जबकि सरकार ने भरोसा दिलाया कि जांच के बाद सच्चाई सामने लाई जाएगी।

भारतमाला परियोजना :मुआवजे को लेकर उठाए सवाल

भारतमाला परियोजना के तहत प्रदेश में भूमि अधिग्रहण और मुआवजे के मुद्दे पर सोमवार को विधानसभा में जोरदार बहस हुई। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने रायपुर, बिलासपुर और कोरबा में अधिग्रहित निजी, शासकीय और वन भूमि का तहसीलवार ब्यौरा मांगते हुए कई गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि भूमि अधिग्रहण के लिए किस आधार पर मुआवजे की दर तय की गई, अब तक कितने किसानों और भूमिस्वामियों को मुआवजा दिया गया और कितने का भुगतान लंबित है? साथ ही, पेड़ों की कटाई के बदले मुआवजे की क्या व्यवस्था की गई, इस पर भी सरकार से जवाब मांगा। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि एक ट्रस्ट को रातोंरात 2 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया गया, जबकि आम जनता और किसानों को उनका हक अब तक नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि 28 दिन पहले इस संबंध में सवाल लगाया गया था, लेकिन सरकार अब तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाई है।

मामले पर जवाब देते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि सभी संबंधित जानकारियां एकत्र की जा रही हैं और जल्द ही विधानसभा में प्रस्तुत की जाएंगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. तमान सिंह सोनवानी ने निर्देश दिया कि अगले प्रश्नोत्तर सत्र में इस मुद्दे को पहली प्राथमिकता के रूप में लिया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने भी बहस में हिस्सा लेते हुए कहा कि दुर्ग जिले में भी भारतमाला परियोजना से जुड़ी अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई हैं।

मूणत ने कहा- बिना पैसे दिए नहीं मिलता एनओसी

छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन गृह निर्माण सहकारी समितियों के बायलॉज में संशोधन का मामला उठा. भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा कि सहकारी सोसायटी आज भी एनओसी के लिए भटक रही हैं. बिना पैसे लिए एनओसी नहीं दिया जाता. मंत्री केदार कश्यप आश्वस्त किया कि किसी भी तरह की शिकायत एनओसी को लेकर नहीं आएगी. भाजपा विधायक राजेश मूणत के सवाल पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि पिछले सत्र में हमने कमेटी का गठन किए जाने की बात कही थी.

शिवधाम में महादेव बनेंगे दूल्हा, भक्त बाराती

महाशिवरात्रि पर पूजन, रुद्राभिषेक व प्रसादी वितरण

रायपुर ■ तरुण छत्तीसगढ़

ग्राम तुलसी (पाटन) स्थित शिवधाम अघोरेश्वर महादेव मंदिर में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर अलौकिक नजारा देखने को मिलेगा। जहां पूरा परिसर शिवमय हो जाएगा वहीं भक्तगण शिवजी की भक्ति में लीन हो जाएंगे। इतना ही नहीं शिवधाम में संध्या साढ़े चार बजे शिवजी की बारात निकलेगी। इस अनुपम व अद्भुत बारात में शामिल होकर शिवभक्त पुण्य के भागी बनेंगे। इससे पूर्व पूर्वान्ह 11 बजे पूजन व रुद्राभिषेक होगा। दोपहर ढाई बजे प्रसादी वितरण किया जाएगा। भक्तों से निवेदन किया गया है कि वे केवल भारतीय परिधान में ही आएं। यहां एक बार फिर यह बताना जरूरी है कि शिवधाम परिसर में भगवान अघोरेश्वर राम तथा मां काली (अघोरेश्वरी) का भी मंदिर है। भव्य व विशाल मुख्य मंदिर के प्रथम तल में भोलेनाथ विशाल शिवलिंग के रूप में स्थापित हैं वहीं भू-तल में भक्त पारा निर्मित अद्वितीय शिवलिंग का दर्शन करने का पुण्य लाभ उठाएंगे। खारुन नदी के तट पर स्थित शिवधाम में 26 फरवरी को शिवभक्तों का तांता लगा रहेगा। भक्त यहां विशेष पूजा व अभिषेक कराएंगे। भाटांव-खुड़मुड़ा-झीट-खुड़मुड़ी के रास्ते शिवधाम तुलसी पहुंचा जा सकता है। रायपुर से महादेवघाट, अमलेश्वर, मोतीपुर, झीट होते हुए पाटन मार्ग से भी तुलसी पहुंच सकते हैं।

सांसद नाग की गाड़ी की टक्कर से घायल एक और युवक ने तोड़ा दम

भानुप्रतापपुर,25 फरवरी। कांकेर के भाजपा सांसद भोजराज नाग के काफिले के वाहन की टक्कर से घायल एक और युवक की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. अब तक इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई. तीनों एक ही गांव पोंडगांव के रहने वाले हैं. इस घटना के बाद गांव में आक्रोश देखा जा रहा है. यह हादसा सोमवार रात हुआ. भाजपा सांसद भोजराज नाग भानुप्रतापपुर से अंतागढ़ जा रहे थे, तभी अंतागढ़ थाना क्षेत्र के पोडगांव के पास कांकेर सांसद भोजराज नाग के फॉलो वाहन ने बाइक को टक्कर मारी थी. इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई थी. वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल थे. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी. घायलों को अंतागढ़ अस्पताल लाया गया था. सांसद भोजराज नाग भी अस्पताल पहुंचे थे. इस हादसे में एक की घटना स्थल पर मौत हुई. वहीं इलाज के दौरान एक घायल की और जान चली गई. वहीं दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई थी. घायलों को अंतागढ़ अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान घायल एक और युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई. मृतकों के नाम गिरधारी समरथ, कुलेश्वर समरथ और तामेश्वर देहारी बताए गए हैं.

हाइवा ने ऑटो को मारी टक्कर, एक की मौत

बालोद,25 फरवरी। बालोद जिले के अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के भरदाकला गांव के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ है. यहां एक हाइवा ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ऑटो के परखच्चे उड़ गए. इस हादसे में ऑटो चालक अशोक कुमार (50) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुरेश कुमार नामक एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना की सूचना मिलने पर अर्जुन्दा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया. पुलिस ने

भ्रष्टाचार का दोषी कोई भी अफसर नहीं बचेगा: सीएम

रायपुर 25 फरवरी । छत्तीसगढ़ में राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर के भ्रष्टाचार का मुद्दा भी आज सदन में उठा। भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि 6 अफसरों के खिलाफ जांच चल रही है। मुख्यमंत्री ने अपने जवाब में ये भी बताया कि जांच के दायरे में आया कोई भी दोषी अफसर बचेगा नहीं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने सुशासन एवं अभिसरण का गठन किया है। राज्य सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ पूरी पारदर्शिता के साथ कार्रवाई करेगी। इससे पहले धरमलाल कौशिक के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि 31 जनवरी, 2025 की स्थिति में राज्य प्रशासनिक सेवा में प्रथम श्रेणी के कुल 255 पद स्वीकृत, 251 भरे व 4 पद रिक्त है। मुख्यमंत्री ने बताया कि छह अधिकारियों के खिलाफ जांच चल रही है। जवाब पर धरमलाल कौशिक ने कहा कि, उनके सवाल लगाये जाने के बाद आरोपी अधिकारी भरोसा राम ठाकुर, टेकराम महेश्वरी और ज्योति बबली के खिलाफ राज्य सरकार की तरफ से कार्रवाई शुरू की गयी है। भरोसा राम ठाकुर के खिलाफ 28 जनवरी 2025 को जांच की अनुमति दी गयी है, जबकि टेकराम महेश्वरी को निलंबित 7 जनवरी 2025 और अभियोजन की अनुमति 4 फरवरी 2025 को दी गयी। उसी तरह से ज्योति बबली के खिलाफ कार्रवाई के लिए स्मरण पत्र 14 फरवरी को भेजा गया।

कोर्ट में भूपेश बघेल व विनोद वर्मा ने दी हाजिरी

रायपुर,25 फरवरी। छत्तीसगढ़ के चर्चित कथित सेक्स सीडी कांड मामले की सुनवाई आज रायपुर कोर्ट में हुई. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कोर्ट पहुंचे और हाजिरी देने के बाद बघेल विधानसभा के लिए रवाना हुए. वहीं कांग्रेस सरकार में मीडिया सलाहकार रहे विनोद वर्मा कोर्ट, कैलाश मुरारका समेत अन्य आरोपी कोर्ट में पेश हुए. इस मामले की अगली सुनवाई अब 4 मार्च को होगी. बता दें कि कोर्ट ने सीडी कांड मामले में सभी आरोपियों को समन जारी किया था. न्यायाधीश भूपेश कुमार बसंत के रायपुर कोर्ट में हाजरी देने के बाद भूपेश बघेल विधानसभा के लिए रवाना हो गए. वहीं विनोद वर्मा, कैलाश मुरारका समेत अन्य आरोपी कोर्ट में मौजूद रहे. बता दें कि इस केस के एक आरोपी रिंकू खनूजा की मौत हो चुकी है. बचाव पक्ष के वकील फैसल रिजवी ने बताया, कैलाश मुरारका सहित अन्य को कोर्ट में पेश किया गया. मामले में अब 4 मार्च को बहस होगी. CBI ने बताया है कि 2017 बॉम्बे के मानस नाम ने CD को जारी किया है. उससे पैसे का लेन-देन हुआ है.

चर्चित अश्लील सीडी कांड की शुरूआत 27 अक्टूबर, 2017 को पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बंगले से हुई थी. दरअसल भूपेश बघेल ने 27 अक्टूबर की सुबह 6 बजे एक प्रेस कांफ्रेंस की थी, जिसमें उन्होंने मीडिया को एक सीडी बांटी थी. इस सीडी में एक आपत्तिजनक वीडियो था, जिसे लेकर भूपेश ने दावा किया था कि महिला के साथ बेहद आपत्तिजनक स्थिति में दिखने वाला व्यक्ति मंत्री राजेश मूणत है.

कृषि विज्ञान केंद्र में प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का हस्तांतरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 25 फरवरी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत बिहार के भागलपुर से हुए सीधे प्रसारण में कबीरधाम जिले के लगभग 1 लाख 19 हजार से अधिक किसानों के खाते में 19वीं किस्त के तहत 26.12 करोड़ रुपये से अधिक राशि का हस्तांतरण किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा में कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सैकड़ों किसानों की उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकासखण्डों से लगभग 150 किसान शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर कृषकों को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में जिले के लाभान्वित किसानों को बधाई दी और कहा कि भारत सरकार किसानों के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि किसानों के हित में लगातार नए कदम उठाए जा रहे हैं, जिसमें कृषि वैज्ञानिकों का बहुत बड़ा योगदान है। कार्यक्रम में खुबचंद बघेल अलंकरण से सम्मानित श्री शिवकुमार चंद्रवंशी ने अपने उन्नत कृषि कार्यों के बारे में किसानों को जानकारी दी और अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में श्री अमित मोहंती, उपसंचालक कृषि, जिला कबीरधाम ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अलावा कृषि विभाग की अन्य योजनाओं की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. बी.पी. त्रिपाठी ने कृषि विज्ञान केंद्र की गतिविधियों और प्राकृतिक खेती के विषय में विस्तार से जानकारी दी। श्री बी.एस. परिहार, विषय वस्तु विशेषज्ञ, सस्य विज्ञान ने समन्वित कृषि प्रणाली के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि और उत्पादन तकनीकों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान डॉ. एन.सी. बंजारा, विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यानिकी ने उन्नत सब्जी एवं फल उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के विषय में किसानों को जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में डॉ. महानंद, प्रक्षेत्र प्रबंधक ने किसानों को प्रक्षेत्र भ्रमण कराकर कृषि विज्ञान केंद्र में स्थापित विभिन्न तकनीकी प्रदर्शन इकाइयों का भ्रमण कराकर विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री संतोष पाण्डेय, सांसद, राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र, श्री अमित मोहंती, उपसंचालक कृषि, कबीरधाम, और जिले के विभिन्न ग्रामों से आए सैकड़ों किसान एवं कृषि विज्ञान केंद्र के इंजीनियर टी. एस. सोनवानी, श्री बी.एस. परिहार, डॉ. एन.सी. बंजारा, डॉ. महानंद, श्री योगेश कुमार कौशिक, कार्यक्रम सहायक, और कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

भगवान शिव के बागेश्वर अवतार वाली मूर्तियों का अनावरण

राजनांदगांव,25 फरवरी। संस्कारधानी में भगवान शिव के बागेश्वर अवतार जो कि उन्होने श्रीराम काज के लिए लिया था । उसका अनावरण श्री बागेश्वर धाम मंदिर में कल गोधूलि बेला में पूजन कर किया गया ।उक्त जानकारी देते हुए बागेश्वर धाम मंदिर सेवक पंकज गुप्ता, विजय गुप्ता, भावेश अग्रवाल, सूरज गुप्ता, विनय साहू, श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता द्वारा बताया गया कि, भगवान विष्णु की मानस पुत्री, सरयू के नदी स्वरुप को देवलोक से धरती पर लाने से समय जो कि जनकल्याण व श्रीराम अवतार की वापसी के लिए गुरू वशिष्ट द्वारा रघुवंशी राजाओं के अनुरोध पर भगवान शिव से प्रार्थना कर आयोध्या लाया जा रहा था, उस समय नदी के मार्ग में मध्य मे घोर तपस्या मे लीन मार्कण्डेय ऋषि को तट से उठाने के लिए भगवान शिव,बाघ व माँ पार्वती द्वारा,गाय का अवतार लेकर ऋषि को मार्ग से हटाकर सरयू नदी के प्रवाह का विघ्न दूर किया गया था ।

एक नजर

अनियंत्रित कार से एक घायल

भिलाई, 25 फरवरी। भिलाई महिंद्रा शो रूम के सामने सुपेला में एक अनियंत्रित कार ने कई लोगों की जान को सांसत में डाल दिया था शो रूम से निकली कार अचानक अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार में दौड़ने लगी सामने जो भी आया, वो कार की चपेट में आता गया एक व्यक्ति और करीब आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों को ठोकर मारने के बाद आगे बढ़ गई एक बाइक कार के नीचे आ गई कार उसे घसीटते हुए कुछ दूर गई और सड़क किनारे के लगी लोहे की जाली से जाकर टकराकर रुक गई हादसे में घायल एक व्यक्ति को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी स्थिति सामान्य है सुपेला पुलिस ने बताया कि महिंद्रा शो रूम में काम करने वाला मुकुंद तरोने नाम का युवक शो रूम से एक कार को लेकर बाहर निकल रहा था। इसी दौरान कार अनियंत्रित हो गई और उसके चलते ये घटना हुई। सुपेला पुलिस ने आरोपित मुकुंद तरोने को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की तो उसने पुलिस को बताया कि उसका जूता कार के एक्सीलेटर में फंस गया था जिसके चलते ये घटना हुई एक्सीलेटर से जूता निकालने की कोशिश में एक्सीलेटर पूरा दब गया और ये घटना हुई सुपेला थाने पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया है ।

पीएम आवास योजना के मकान का आवंटन लाटरी पद्धति से

भिलाई, 25 फरवरी। शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत निर्मित आवासों का आबंटन किया जा रहा है। निगम भिलाई क्षेत्र के वह नागरिक जो किरायेदारी के रूप में निवासरत है या जिनके पास स्वयं का मकान नहीं है और जो नागरिक पूर्व से मकान के लिए आवेदन जमा किये है, जिनका पात्र सूची में नाम है, उनको खुली लाटरी पद्धति के माध्यम से मकान का आबंटन किया जा रहा है। मकान आबंटन निगम मुख्य कार्यालय सभागार में किया जाएगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि शासन की इस योजना का अधिक से अधिक परिवार लाभ लें। यह मकान पूर्ण रूप से गुणवत्तापूर्वक निर्मित किया गया है, जहां परिवारों के लिए सभी तरह की सुविधाएं दी जा रही है। जो एक मकान खरीदने पर मिलता है। मकान का निर्माण नागरिकों की सुविधाओं को देखकर किया गया है, जहां पर वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन एवं सामान्य परिवारों को दिया जा सके। भूतल के मकान दिव्यांगजन एवं वरिष्ठों के लिए आरक्षित रखा गया है। प्रमुख स्थल कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खमरिया, एनार स्टेट खमरिया, स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद अंतर्गत निर्मित आवासों का आवंटन किया जाना है। समय अवधि 11ः00 बजे से पूर्व 10ः45 को निगम मुख्यालय के सभागार में आ जावे। अपने साथ में रशीद एवं लेटर लेकर आना होगा। जिसके आधार पर लाटरी पद्धति के प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। लाटरी पद्धति में सभी आवेदकों को आना आवश्यक है ।

भोग-भंडारे में प्लास्टिक की वस्तुओं का उपयोग नहीं

उतई, 25 फरवरी। भोग भंडारा में प्लास्टिक मुक्त अभियान संचालित कर रही है राजिम माता समिति साहू समाज भक्ति राज्य माता समिति(पंजी) के अध्यक्ष लाल साहू संरक्षक भुनेश्वर साहू प्रदेश उपाध्यक्ष जंग साहू छ ग संरक्षक एवं इतिहास अध्येता प्रोफेसर घणाराम साहू डॉक्टर नारायण साहू अधिष्ठा महात्मा गांधी उद्यान एवं वानिकी विश्व विद्यालय दुर्ग मार्गदर्शन एवं संरक्षक पंडित घनश्याम प्रसाद साहू नूतन साहू उपाध्यक्ष रामकुमार साहू श्याम साहू महामंत्री डॉक्टर ओंकार साहू तरुण साहू राजू साहू बलराम साहू संगठन मंत्री उमा साहू उपाध्यक्ष मिनजुन साहू महासचिव आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं

राजिम भक्तिन माता समिति, राजिम, जिला - गरियाबंद द्वारा प्रतिवर्ष राजिम पुन्नी मेला के अवसर में 15 दिनों तक चलने वाले पुन्नी महोत्सव में निशुल्क भोजन की व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए की जा रही है जिसमें रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां कर्मा का प्रसाद ग्रहण करते हैं और साथ ही साथ यह भंडारा पर्यावरण को ध्यान रखते हुए प्लास्टिक मुक्त रखा जाता है इस आयोजन में श्रीमती श्रद्धा सुरेंद्र साहू समाजसेवीका एवं दुर्ग जिला पंचायत सदस्य का सम्मान भी किया गयाबता दे की प्लास्टिक मुक्त भोजन भंडारा के लिए समिति की संस्थापिका श्रीमती श्रद्धा पुरेंद्र साहू , टीम के प्रदेश अध्यक्ष श्री तरुण साहू एवं उनकी टीम द्वारा जन जागरूकता अभियान को दूर-दूर तक पहुंचा रहें हैं और इसमें पूरा प्रदेश प्लास्टिक मुक्त अभियान में जोड़कर प्रकृति रक्षा में अहम भूमिका निभा रहे हैं

रिफैक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग में नई चेतना कार्यक्रम का आयोजन

भिलाई, 25 फरवरी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफैक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग में मुख्य महाप्रबंधक पी दास के मुख्य आतिथ्य में नई चेतना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक एस के सोनी, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमती शुभश्री प्रशांत, सहायक महाप्रबंधक श्रीमती मालिनी परगनिहा, उप प्रबंधक सुश्री शालिनी चौरसिया तथा विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं प्रबंधक सुश्री फिलोमिना इक्का उपस्थित थीं। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक पी दास ने नई चेतना कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए कहा कि संयंत्र द्वारा महिला कर्मियों के हितार्थ चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं से अवगत कराने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। महाप्रबंधक एस के सोनी ने महिला ठेका श्रमिकों को अपने कार्यस्थल के आसपास सुरक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुये कार्य करने एवं कार्य के साथ-साथ स्वयं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमती शुभश्री प्रशांत द्वारा महिला ठेका श्रमिकों को खानपान एवं स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी गई। उप प्रबंधक सुश्री शालिनी चौरसिया ने ठेका श्रमिक महिलाओं को यौन उत्पीड़न से संबंधित जानकारी प्रदान की। प्रबंधक सुश्री फिलोमीना इक्का ने उपस्थित महिलाओं को सुरक्षित कार्यशैली व नियर मिस घटनाओं के विषय में जानकारी प्रदान की।

जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मेरावी को गुलाल लगाकर बधाई दी लोगों ने

कवर्धा, 25 फरवरी। जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मेरावी को गांव गांव में लोग गुलाल लगाकर बधाई दे रहे है । फोन पर बधाईयों का संदेश के साथ निवास पर पहुंचकर गुलदस्ता भेंटकर मिठाई खिलाकर गुलाल लगाकर होली की बधाई दे रहे है और ऐसा लग रहा है की जिला पंचायत आठ में होली का त्यौहार आ गया है ।

उतई, 25 फरवरी। ग्राम पंचायत पतोरा के नवनिर्वाचित सरपंच भुनेश्वर साहू ने अपने जीत पर आभार रैली निकाली, जिसमे उन्होंने ग्राम वासियों का आशीर्वाद प्राप्त कर उनके प्रति आभार जताया।

ब्लास्ट फर्नेस ने 17 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन कर बनाया नया रिकार्ड

भिलाई, 25 फरवरी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मोडेक्स यूनिट, ब्लास्ट फर्नेस-8 (महामाया), ने 23 फरवरी को 17 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन कर नया मील का पत्थर पार हासिल किया। ब्लास्ट फर्नेस-8 ने 16 मिलियन टन से 17 मिलियन टन की यात्रा को 126 दिन के रिकॉर्ड समय में पूरा कर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया, जबकि इससे पूर्व अगले 1 मिलियन टन का 133 दिनों में प्राप्त किया गया था। ब्लास्ट फर्नेस बिरादरी ने अपना अगला लक्ष्य 17 से 18 मिलियन टन उत्पादन का 125 दिनों से कम समय में पूरा करने का निश्चय किया है। 02 फरवरी 2018 को कमीशनिंग के बाद से, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का ब्लास्ट फर्नेस-8, केवल 2,579 दिनों में 17 मिलियन टन संचयी उत्पादन कर सेल की अन्य इकाइयों के समान क्षमता वाले फर्नेसों से बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहा। उल्लेखनीय है कि सेल-राउरकेला स्टील प्लांट (आरएसपी) के ब्लास्ट फर्नेस-5 ने 17 मिलियन टन संचयी उत्पादन 2,674 दिनों में, वहीं सेल-इसको स्टील प्लांट (आईएसपी) के ब्लास्ट फर्नेस-5 ने 2,985 दिनों में पूरा किया था। इस प्रकार भिलाई स्टील प्लांट का ब्लास्ट फर्नेस-8, आरएसपी के ब्लास्ट फर्नेस-5 से 95 दिन पहले और आएसपी के ब्लास्ट फर्नेस-5 से 406 दिन पहले 17 मिलियन टन संचयी उत्पादन के मील का पत्थर को पार करने के साथ ही ब्लास्ट फर्नेस-8 सेल में सबसे तेज क्षमता हासिल करने वाला फर्नेस बन गया है। 17 मिलियन टन संचयी उत्पादन के महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए संयंत्र के कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने शॉप फ्लोर पर पहुंचकर ब्लास्ट फर्नेस-8 टीम को बधाई दी और केक काटकर जश्न मनाया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बी. के. बेहेरा, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार कांत, मुख्य महाप्रबंधक मनोज कुमार, मुख्य महाप्रबंधक, एस. के. घोषाल, मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार, मुख्य महाप्रबंधक, ए. के. दत्ता, मुख्य महाप्रबंधक राजीव पांडे, मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा, महाप्रबंधक प्रभारी एस. हालदार सहित संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी गण तथा आरएमडी, ओचएचपी व प्लांट गैराज विभाग के सदस्य उपस्थित थे।

नपं अध्यक्ष ने विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

उतई, 25 फरवरी। नगर पंचायत पाटन में नव निर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष के हाथो पहली विकास कार्यों का भूमि पूजन संपन्न हुआ जिसमेवार्ड क्रमांक 6 में नाली निर्माण के लिए किया भूमिपूजन किया गया इस अवसर पर पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, वार्ड 1 पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन, वार्ड 2 पार्षद जितेन्द्र निर्मलकर, वार्ड 3 पार्षद निशा योगेश सोनी, वार्ड 4 पार्षद नेहा बाबा वर्मा, वार्ड 11 पार्षद केवल देवांगन, वार्ड 12 पार्षद अन्नपूर्णा पटेल,वार्ड 13 पार्षद संगीता धुरंधर, वार्ड 15 पार्षद देवेन्द्र ठाकुर, वार्ड 6 छाया पार्षद सुप्रिया अरुण देवांगन,विनोद बाग,वेदप्रकाश वर्मा,शत्रुहनदेवांगन,लक्ष्मण वैष्णव,हिमालय यादव,हिमांचल भाले,लोकेश पटेल सहित वार्ड वासी मौजूद थे।

पुण्य स्नान

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर आज जेलों में कैदियों का गंगा जल से स्नान कराया गया

कवर्धा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर जेलों में हुआ विशेष आयोजन । 5 सेंट्रल जेल, 20 जिला जेल और 8 सब-जेल में कैदियों को गंगा जल से स्नान कराया जा रहा है । आत्मशुद्धि और नैतिक उत्थान के लिए कैदियों ने किया स्नान ओर महाकुंभ के ऐतिहासिक अवसर पर कैदियों को आध्यात्मिक लाभ देने की सरकार की पहल और जेल प्रशासन ने कैदियों के लिए विशेष व्यवस्था की ओर कैदियों में दिखा उत्साह । डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बताया की सरकार सुधार और पुनर्वास के लिए आगे भी चलाएगी ऐसे कार्यक्रम ।

सेक्टर-9 अस्पताल परिसर में अवैध कब्जा करने वालों को बेदखली नोटिस जारी

भिलाई, 25 फरवरी। सार्वजनिक संपत्ति नियमों को कायम रखते हुए, संपदा अधिकारी द्वारा एक बेदखली नोटिस जारी किया गया है। इस नोटिस में जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र परिसर, सेक्टर-9 में अनाधिकृत रूप से परिसर उपयोग करने वालों (अवैध कब्जाधारियों) को परिसर खाली करने और सभी अनधिकृत गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से रोकने का आदेश दिया गया है। यह नोटिस सार्वजनिक संपत्ति (अवैध कब्जा धारकों का निष्कासन) अधिनियम, 1971 की धारा 5-बी के उपधारा (2) के तहत जारी किया गया है, जिसमें सेक्टर-9 स्थित जेएलएन अस्पताल परिसर के हनुमान मंदिर क्षेत्र के पास हो रही अवैध गतिविधियों का उल्लेख किया गया है। यह नोटिस (केस संख्या 31/2025) उन व्यक्तियों के खिलाफ जारी किया गया है, जो किसी सक्षम प्राधिकरण से स्वीकृति प्राप्त किए बिना, अस्पताल भवन की दीवारों पर कला कृतियाँ (पेंटिंग) बना रहे थे। यह गतिविधि सार्वजनिक संपत्ति के उपयोग से संबंधित नियमों का उल्लंघन मानी गई है। जेएलएन अस्पताल और अनुसंधान केंद्र सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रबंधित एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक सुविधा है। इसके परिसर में व्यवस्था बनाए रखने और स्थान की सुरक्षा व पर्याप्त उपयोग सुनिश्चित करने के लिए सख्त नियमों के तहत संचालित किया जाता है। यह कार्रवाई भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रवर्तन विभाग द्वारा सार्वजनिक संपत्ति की अखंडता को बनाए रखने और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए की जा रही निरंतर कोशिशों का एक हिस्सा है। जिसका उद्देश्य भिलाई टाउनशिप में अवैध बैनर, पोस्टर, वाल पेंटिंग, होर्डिंग्स और सार्वजनिक स्थल नियमों के उल्लंघन सहित अवैध कब्जे और गतिविधियों को समाप्त करना है।

पशुवध गृह एवं मांस विक्रय केन्द्र 26 को रहेंगे बंद

भिलाई, 25 फरवरी। छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार नगर पालिक निगम, भिलाई सीमा के अन्तर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस विक्रय की दुकानें इन दिन बंद रहेगी। शासन से जारी आदेश के तहत महाशिवरात्रि पूर्व 26 फरवरी दिन बुधवार को समस्त पशुवध गृह जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्र को बंद रखा जाएगा। उक्त आदेश का कड़ाई से पालन कराने शासन द्वारा आदेश जारी किया गया है। कोई भी उल्लंघन करते हुए पाया गया तो अर्थदण्ड लगाते हुए जब्त की कार्यवाही जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी विक्रेता एवं क्रेता की होगी।

दलेश्वर साहू विधायक पद से इस्तीफा दें: दिनेश गांधी

राजनांदगांव। जिला भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दिनेश गांधी ने डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की शर्मनाक पराजय पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि विधायक दलेश्वर साहू को तत्काल अपने पद से त्यागपत्र देकर फिर से डोंगरगांव क्षेत्र में जनादेश प्राप्त करना चाहिये। श्री गॉधी ने कहा कि विधायक श्री साहू ने अपने मनमर्जी से जिला पंचायत एवं अन्य पदों पर अपने प्रत्याशी खड़े किये थे और सार्वजनिक रूप से यह घोषणा की थी यदि उनके द्वारा घोषित प्रत्याशी को वे चुनाव नहीं जिता पायेंगे तो विधायक पद से इस्तीफा देंगे। श्री गांधी ने जोर देकर कहा कि यह अब समय का तकाजा है कि कांग्रेस डोंगरगांव क्षेत्र में बुरी तरह पराजित हुई है और वचन के अनुसार दलेश्वर साहू को इस्तीफा दे देना चाहिये।भाजपा मीडिया सेंटर द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्री दिनेश गॉधी ने कहा कि पंचायत चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है

निधन

मोहनलाल गुप्ता

भिलाई, 25 फरवरी। भिलाई नागरिक सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष एवं दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव मोहनलाल गुप्ता का आज सुबह 6:50 बजे दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे 87 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार 26 फरवरी को दोपहर 2 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे चार पुत्री दो पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं, मनोज गुप्ता, नितिन गुप्ता के पिता एवं अशोक गुप्ता के चाचा थे। नागरिक सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेश सिंह ने बैंक परिवार की ओर शोक श्रद्धांजलि व्यक्त की है।

दुकान का ताला तोड़ कर डेढ़ लाख की चोरी

भिलाई, 25 फरवरी। भिलाई नंदिनी रोड छावनी चौक के पास स्थित एनके बैटरी दुकान में चोरी की घट्ना हुई है अज्ञात आरोपित ने दुकान के दरवाजे का लाक तोड़कर गल्ले में रखे डेढ़ लाख रुपये नकद चोरी कर. ली जामुल थाने पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर उसकी तलाश शुरू की है दुकान संचालक दरवाजे का लाक बंद कर खाना खाने के लिए गया था खाना खाकर वो वाफ्स लौटा तो उसे लाक टूटा मिला अंदर जाकर देखने पर गल्ला भी खुला था और उसमें रखे रुपये गायब थे पीड़ित ने व्यापारी को देने के लिए रुपये रखे थे जिसे किसी अज्ञात आरोपित ने चोरी कर लिया।

मदरसा जामिया अरबिया में सालाना जलसे का आयोजन कर हाफिजे कुरान की दस्तारबंदी की गई

भिलाई, 25 फरवरी। मदरसा जामिया अरबिया पावर हाउस कैंप-2 मरकजी मस्जिद का सालाना जलसा हाल ही में मनाया गया। इस दौरान पवित्र कुरान कंठस्थ कर हाफिज बनने वाले तालिबे इल्म की दस्तारबंदी की गई और उन्हें इनाम दिए गए। वहीं अंग्रेजी, उर्दू, हिंदी में नाते रिसालत, हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैहि वसल्लम पर दरूद व सलाम, दीनी मामले और अदब तहज़ीब के तरीके पेश किए गए। जलसे में मौजूद लोगों के बीच मेहमाने खुसूसी मौलाना खुर्शीद आलम सदर छत्तीसगढ़ जमीयत उलेमा हिंद मोहतमिम मदरसा जामिया अबू बकर अंबिकापुर ने अपने बच्चों की तालीम, तरबीयत ओर परवरिश को हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की



पाकीजा जिंदगी के मुताबिक करने कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों को सच्चा मुसलमान बनाए ताकि वो अल्लाह के डर के साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में हमदर्दी, इंसानियत ओर पाकीजा माहौल बनाने में भागीदारी दे। मरकजी मस्जिद के सदर मोहम्मद असलम व मदरसा के मोहतमिम हाफ़िज़ कासिम ने कहा कि यहां बच्चों की दीनी तालीम, तरबीयत और सादगी के साथ दुनियावी तालीम को बेहतर अंदाज में देने पूरी कोशिश की जा रही है। यह पूरा जलसा मौलाना दिलशाद, इमाम व खतीब मदनी मस्जिद फरीद नगर, रिटायर्ड जज शफाउल्लाह मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़, रिटायर्ड चीफ एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर व इंजीनियर छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल जलीलुर रहमान और डॉक्टर इरफान रहीम की मौजूदगी में पूरा हुआ। इस दौरान मदरसा के मुफ्ती सालिम, मौलाना इनामुल हक मौलाना जुनैद,हाजी इमामुद्दीन पटेल, सैय्यद असलम, मोहम्मद अकरम, निजामुद्दीन अंसारी, युसूफ सिद्दीकी, हाफ़िज़ महफूज, मोहम्मद सईद,जमीर अहमद, अजमत अली, मोहम्मद अहमद,तमयुजूदीन पटेल, मोहम्मद असलम,जफर कुरैशी, अब्दुल हई, मौलाना फैसल अमीन ,अशरफ , निसार, इनाम, शाकिर, हाफ़िज़ अहमद, इमरान, मौलाना निजामुद्दीन, मौलाना हाशिम, मुफ्ती सलीम, अजहर कुरैशी, अफजल,सोहेल, ताहिर, हाफ़िज़ आबिद,अरशद,आदिल, मौलाना हारून, मौलाना निजामुद्दीन और इनाम सिद्दीकी सहित कई लोगों की भागीदारी रही।

एक नजर

महाशिवरात्रि पर्व पर 26 फरवरी को मटन मार्केट बंद रहेगा

राजनांदगांव 25 फरवरी। राज्य शासन के निर्देशानुसार महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में 26 फरवरी दिन बुधवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने, 5000 रूपये अर्थदण्ड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वंच्छता निरीक्षकों से कहा कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करे एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

दिल्लु साहू दोबारा बने सरपंच

राजनांदगांव, 25 फरवरी। समीपस्थल ग्राम पंचायत ढोडिया के सरपंच दिल्लू साहू दोबारा

निर्वाचित हुआ अपने प्रतिद्वंद्वी को 254 वोटों से हराया युवा नेतृत्व के भरोसा जीताया ग्राम ढोडिया एवं आश्रित ग्राम भोडिया के मतदाताओं ने किया दोबारा निर्वाचित किया सोमवार को डी जे के साथ आभार रैली कर सभी घरों जाकर आशीर्वाद लिया साथ में पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव पूर्व सरपंच हुकुम बारसागढे पूर्व उपसरपंच धामनसरा कृत लाल पटेल डेहरा निषाद देबू यादव नीलम यादव लिखन साहू मंगलू नेतराम भरत बुधरू साहू नंदू वास परशू साहू दुष्यंत साहू बोधिनी मंडावी कामनी यादव लक्ष्मी साहू आभा उइके बसंत ममता सुरेखा नूतन साहू डोमन साहू सत्यवान सहित सैकड़ों ग्रामीण जन आभार रैली उपस्थित रहा।

ग्राम बोईरडीह में मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

छुरिया, 25 फरवरी। पुलिस द्वारा दिनांक 23/2/25 को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल

किया गया था मामले के फरार चार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना छुरिया पुलिस द्वारा लगातार पता साजी की जा रही थी ।पतासाजी दौरान आज दिनांक 24/2/25 को आरोपी (1)उदयगोंड (2)सुनील नेताम,(3)अरविंद गोंड एवं (4) रोमन गोंड सभी निवासी ग्राम राज कट्टा (डोंगरगढ़) को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य थाना प्रभारी छुरिया स0 उ 0नि0 सत्तुलाल कवर आरक्षक भुनेश्वर वर्मा ,राकेश मंडावी ,देवीलाल साहू एवं अन्य थाना स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

निराश्रित वृद्धजनों को आवासीय सुविधा के लिए स्नेह सदन वृद्धाश्रम का किया जा रहा संचालन

कोरबा 25 फरवरी। जिला प्रशासन द्वारा जिले के निराश्रित वृद्धजनों को आवासीय सुविधा उपलब्ध करने एवं उनका ख्याल रखने हेतु कोरबा नगरीय क्षेत्र के सर्वमंगला नगर में स्नेह सदन वृद्धाश्रम का संचालन किया जा रहा है। जहां निराश्रित वृद्धजनों का प्रवेश, आवास, भोजन, चिकित्सा सुविधा निःशुल्क है। वृद्धाश्रम में निराश्रित वृद्धजनों के प्रवेश हेतु कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण विभाग कोरबा में कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है। साथ ही अधीक्षिका मेघा प्रधान (मो. नं. 7067947961) एवं परिवीक्षा अधिकारी राजेश कुमार देवांगन (मो. नं.9770161336) से मोबाईल नम्बर पर संपर्क कर सकते है।

धरना प्रदर्शन के लिए घण्टाघर के ऑडीटोरियम क्षेत्र को किया गया आरक्षित

कोरबा 25 फरवरी। कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला मुख्यालय में विभिन्न संगठनो के धरना प्रदर्शन, हड़ताल हेतु शहर के घण्टाघर स्थित बाबा साहब भीम राव अंबेडकर ओपन ऑडोटोरियम क्षेत्र में सियान सदन की ओर स्थित रिक्त भूमि क्षेत्रफल 30 मीटर बाई 18 मीटर भूमि को आरक्षित किया है। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय कोरबा अंतर्गत विभिन्न संगठनों के द्वारा समय-समय पर अपनी मांगों को लेकर धरना आयोजित किया जाता है। धरना स्थल हेतु स्थान आरक्षित नहीं होने के कारण कई बार आम नागरिकों को परेशानी उत्पन्न होती है। साथ ही कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोरबा द्वारा बेहतर कानून व्यवस्था तथा नागरिक प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु जिला मुख्यालय कोरबा में धरना प्रदर्शन के लिए घण्टाघर स्थित बाबा साहब भीम राव अंबेडकर ओपन ऑडिटोरियम क्षेत्र में सियान सदन की ओर स्थित रिक्त भूमि क्षेत्रफल 30 मीटर बाई 18 मीटर को आरक्षित करने हेतु प्रस्तावित किया गया है। कलेक्टर द्वारा एसडीएम कोरबा के प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर जिला मुख्यालय कोरबा में धरना स्थल हेतु घण्टाघर स्थित उक्त भूमि को आरक्षित किया है।

विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका

अन्नदाताओं के खाते में हमने एक लाख करोड़ रुपए भेजे: साय

- छत्तीसगढ़ के 25.95 लाख किसानों को मिली पीएम किसान सम्मान निधि की राशि
- पीएम मोदी ने जारी की पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मान निधि पाने वाले किसानों को बधाई दी

रायपुर, 25 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार के भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की। इसके तहत देश भर के 9.8 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 22,000 करोड़ रुपये अंतरित किए गए। इनमें छत्तीसगढ़ के 25 लाख 95 हजार 832 किसान शामिल हैं। इन किसानों खाते में 599 करोड़ 38 लाख रुपए की सम्मान निधि भेजी गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम से जुड़े। उन्होंने राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किसान सम्मान निधि प्राप्त करने वाले किसानों को बधाई दी और उन्हें सम्मानित भी किया।

मुख्यमत्री साय ने कहा कि अन्नदाताओं का सम्मान माँ अन्नपूर्णा के सम्मान की तरह है। चौदह महीनों के अंतराल में हमने किसान भाइयों के खाते में करीब एक लाख करोड़ रुपए भेजा है। अन्नदाताओं को अच्छा मूल्य मिलने से उनके जीवन खुशहाली आयी है। किसान आधुनिक खेती की ओर बढ़ रहे हैं। किसानों की समृद्धि से ही मजबूत ग्रामीण विकास का आधार तैयार हुआ है और शहरी अर्थव्यवस्था भी इससे बेहतर हुई है। अन्नदाताओं के श्रम से मिली शक्ति और उत्साह से ही हम छत्तीसगढ़ को संवार रहे हैं। विकसित छत्तीसगढ़-विकसित भारत बनाने में किसानों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में अब तक 9712 करोड़ 58 लाख रुपए की सम्मान निधि प्रदेश के किसानों को दी जा चुकी है। वर्ष 2023-24 की तुलना में 2 लाख 75 हजार से अधिक किसान भाइयों को इस योजना का लाभ मिला है। इस योजना का लाभ हमारे 2 लाख 34 हजार वन पट्टा धारी किसानों और 32 हजार 500 विशेष पिछड़ी जनजाति के किसानों को भी मिल रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति के किसान भाइयों को योजना का लाभ मिल सके, इसके लिए कृषि भूमि की अनिवार्यता को शिथिल किया गया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि किसानों को मोदी जी ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल तथा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की गारंटी दी थी। हमारी सरकार ने यह वायदा निभाया है। साथ ही किसानों को दो साल का बकाया बोनस देने की गारंटी भी दी गई थी। शपथ ग्रहण के एक पखवाड़े के भीतर ही हमने 13 लाख किसानों के खाते में बोनस की 3716 करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी थी। पिछली बार हमने 145 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की। किसानों को दिये गये धान के मूल्य के साथ बोनस राशि शामिल कर लें तो पिछले खरीफ सीजन में किसान भाइयों के खाते में 49 हजार करोड़ रुपए भेजे गए। इस खरीफ सीजन में 149 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की रिकार्ड खरीदी हमने की। इस सीजन में विभिन्न योजनाओं से मिलने वाली राशि मिला लें तो लगभग 52 हजार करोड़ रुपए की राशि किसानों के खाते में हमने भेजी है।

समाचार संक्षेप

संत निरंकारी मण्डल ने बुढा सागर के चारो ओर चलाया स्वच्छता अभियान

राजनांदगांव 25 फरवरी। शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने समाजिक संस्थाए भी आगे आ रही है, लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर अपनी सहभागिता दे रहे है। गत दिवस संत निरंकारी मण्डल के सदस्यों ने बुढा सागर के चारो ओर स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता अपनाने संदेश दिये। अभियान में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा शामिल होकर संस्था का आभार व्यक्त किया। कल रविवार को संत निरंकारी मण्डल ने बुढा सागर के चारो ओर स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता अभियान में निरंकारी मण्डल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित होकर तालाब के किनारे एवं परिसर की सफाई किये, सफाई के तहत झाड़ू लगाकर झिल्ली पन्नी, कचरा उठाया गया एवं कटीली झाडिया काटी गयी। संत निरंकारी मण्डल के संयोजक रूप लाल रजवानी, संचालक बलीराम साहू, सहित महिला पुरूष सदस्यों ने स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर साफ सफाई किये। आयुक्त विश्वकर्मा ने भी अभियान में शामिल होकर उनको धन्यवाद दिये।

जिले में 87.76 प्रतिशत ग्रामीण मतदाताओं ने किया मतदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 25 फरवरी। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले में तीन चरणों में निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान संपन्न हुआ। ग्रामीण मतदाता जागरूकता का परिचय देते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्साहित दिखे। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतार देखने को मिली। मतदान केन्द्रों में ग्रामीण मतदाताओं ने कतार में लगाकर बारी-बारी से मतदान किया। युवा, महिला, बुजुर्ग, दिव्यांग अन्य सभी मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत राजनांदगांव जिले में 87.76 प्रतिशत ग्रामीण मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 87.22 प्रतिशत पुरूष, 88.31 प्रतिशत महिला एवं 66.67 प्रतिशत तृतीय लिंग मतदाताओं शामिल है। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में 5 लाख 32 हजार 56 मतदाताओं में से 4 लाख 66 हजार 957 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 2 लाख हजार 66 हजार 703 पुरूष मतदाता में से 2 लाख 32 हजार 626 पुरूष मतदाता, 2 लाख 65 हजार 350 महिला मतदाता में से 2 लाख 34 हजार 329 महिला मतदाता एवं 3 तृतीय लिंग मतदाता में से 2 तृतीय लिंग मतदाता ने मताधिकार का प्रयोग किया।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 में जनपद पंचायत राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत 89.29 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 89.40 प्रतिशत पुरूष, 89.18 प्रतिशत महिला एवं 50 प्रतिशत तृतीय लिंग मतदाता शामिल है। जनपद पंचायत राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत 1 लाख 58 हजार 42 मतदाता में से 1 लाख 41 हजार 116 मतदाता ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 79 हजार 243 पुरूष मतदाता में से 70 हजार 845 पुरूष मतदाता, 78 हजार 797 महिला मतदाता में से 70 हजार 270 महिला मतदाता एवं 2 तृतीय लिंग मतदाता में से 1 तृतीय लिंग मतदाता ने मतदान किया। जनपद पंचायत छुरिया क्षेत्र अंतर्गत मतदान 85.34 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 84.15 प्रतिशत पुरूष, 86.52 प्रतिशत महिला एवं 100 प्रतिशत अन्य मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

सड़क सुरक्षा, पर्यावरण जागरूकता के लिए दो दिवसीय राहगीरी दिवस 1 मार्च से

रायपुर, 25 फरवरी। नगर पालिक निगम रायपुर के अंतर्गत राहगीरी फाउंडेशन के सहयोग से जागरूकता हेतु दो दिवसीय राहगीरी दिवस दिनांक 1 मार्च को संध्या 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक और दिनांक 2 मार्च को सुबह 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक राजधानी शहर के जी ई मार्ग पर साइंस कॉलेज के गेट के सामने से पण्डित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के गेट के सामने तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन में जुंबा, योग, विविध गतिविधियां, चिकित्सा शिविर, साइकिल चलाना, खेल प्रतियोगिता जैसी सकारात्मक गतिविधियां की जायेंगी। राहगीरी फाउंडेशन, जो कि देश के कई शहरों जैसे गुरुग्राम, दिल्ली में राहगीरी दिवस का आयोजन कर नागरिकों को सड़क सुरक्षा, पर्यावरण जागरूकता, सांस्कृतिक गतिविधि, खेल गतिविधि, फिटनेस गतिविधि, प्रतियोगिता आदि के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गो को साथ लाने का कार्य कर रहा है। उल्लेखनीय है कि राहगीरी दिवस के दिन शहर के किसी सड़क या स्थल को नो व्हीकल जोन घोषित कर उपरोक्त आयोजन किए जाते है। बाकी शहरो में राहगीरी दिवस केवल एक दिन का आयोजित किया जाता है, लेकिन रायपुर शहर में सर्वप्रथम राहगीरी फाउंडेशन द्वारा दो दिवसीय राहगीरी दिवस कार्यक्रम का आयोजन राजधानी शहर रायपुर के जीई मार्ग में साइंस कॉलेज गेट के सामने से पण्डित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के गेट तक दिनांक 1 मार्च को संध्या 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक और दिनांक 2 मार्च को सुबह 7 बजे से 10 बजे तक किया जाएगा।

गैंदकुंवर ठाकुर के जनपद सदस्य निर्वाचित होने पर अंचल में हर्ष व्याप्त

राजनांदगॉव, 25 फरवरी। नवगठित मोहला मानपुर अम्बागढ़ चैकी जिले के मोहला विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम मुरेर निवासी मती गैंदकुंवर ठाकुर के जनपद पंचायत क्षेत्र मंडावीटोला से जनपद सदस्य निर्वाचित होने पर अंचल में अत्यंत हर्ष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि मती गैंदकुंवर ठाकुर सुदूर वनांचल के आदिवासी बाहुल्य बहुत छोटे से ग्राम मुरेर से आजादी के बाद पहली बार सरपंच उसके पश्चात् जनपद सदस्य निर्वाचित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। इसके पहले ग्राम मुरेर के किसी भी व्यक्ति को सरपंच एवं जनपद सदस्य बनने का अवसर प्राप्त नहीं हुआ था। मती गैंदकुंवर ठाकुर वर्ष 2020 में ग्राम पंचायत मार्री से सरपंच निर्वाचित हुई थी। अभी हाल ही में सम्पन्न त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत उन्हें निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जनपद पंचायत क्षेत्र मंडावीटोला से जनपद सदस्य निर्वाचित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। विदित हो कि आज से कुछ साल पहले तक ग्राम मुरेर की पहचान दुर्गम एवं सुविधाविहिन गांव में होता था। ग्राम मुरेर से मुख्य मार्ग तक आवागमन हेतु मार्ग भी नहीं था।

भाजपा अधिकृत प्रत्याशी जागृति चुन्नी यदु दूसरी बार जीती

डोंगरगांव, 25 फरवरी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में राजनांदगांव जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन हेतु जिला पंचायत क्षेत्र

क्रमांक 06 आसरा से भाजपा द्वारा अधिकृत व समर्थित प्रत्याशी मती जागृति चुन्नी यदु दूसरी बार उम्मीदवार घोषित किए जाने पश्चात दूसरी बार शानदार जीत हासिल की है। बीजेपी नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश पांडे ने संवाददाता को अपने वक्तव्य में बताया कि जागृति चुन्नी यदु की अपने क्षेत्र की जनता के बीच उनकी साफ़ सुथरी, सरल, सहज,मृदुभाषी,हंसमुख व मिलनसार की एक दमदार व्यक्तित्व वाली छवि रही है, जिसे उन्हें इस बार भी क्षेत्र की जनता ने एक चहेती नेत्री के रूप में स्थापित किया है। क्षेत्र की जनता के हर सुख दुख व उनकी हर एक समस्या को गम्भीरता से लेकर सदैव उनके बीच उपस्थित रही, तो वहीं सड़क, भवन, बिजली, पानी, जैसे अति महत्वपूर्ण मुद्दों पर सजगता से प्राथमिकता के साथ कार्य किया है,तो वहीं मोदी की गारंटी वाली योजनाओं आवास, विष्णु देव सरकार की महतारी वंदन, 1 रुपए किलो चावल वा किसानों, मजदूर कस लोगों को सम्मान देने, अंतर की राशि किसानो के सीधे खाते में जमा कराने जैसे योजनाओं व विषयों पर ज़मीनी स्तर पर जाकर कार्य किया है। जिसका प्रतिसाद क्षेत्र की जनता ने उन्हें दूसरी बार चुन कर दिया है,तथा दूसरी बार जिला पंचायत भेजा है।उनके दमदार और कुशल नेतृत्व वाली छवि के कारण व दूसरी बार जिला पंचायत सदस्य के रूप में निर्वाचित होने पर क्षेत्र की जनता उन्हें जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में देखने की अपनी इक्षा जनसंपर्क के दौरान जाहिर कर चुकी है, क्षेत्र की जनता ने इस बार जागृति चुन्नी यदु को सिर्फ़ जिला पंचायत सदस्य के रूप में ही नहीं जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में भी उनके पक्ष में भारी मतदान कर चुना है।

चंद्रगिरी डोंगरगढ़ अपने आप में छत्तीसगढ़ का महातीर्थ क्षेत्र है: मुनि समतासागर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़, 25 फरवरी। अपने आप में छत्तीसगढ़ का महातीर्थक्षेत्र है इस पहाड़ी से जैन पुरातत्व की विशेषताऐं और प्राचीनता जुड़ी हुई है÷ उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण मुनि समतासागर महाराज ने व्यक्त किये। मुनि ने कहा संस्कृत में क्षेत्र का अर्थ जमीन से लिया गया है जैसे किसान के लिये जमीन का महत्व होता है उसी प्रकार धर्मात्मा के लिये क्षेत्र अर्थात ऐसा प्राचीन स्थान जहाँ पर तीर्थंकर भगवान के कल्याणक हुये हों अथवा कोई मुनि वहां से मोक्ष गया हो ऐसे स्थलों को तीर्थक्षेत्र कहते है। उन्होंने क्षेत्र की महिमा बताते हुये कहा कि जैसे किसान के पास कितना ही अच्छा बीज क्यों न हो,लेकिन यदि उसके पास उस बीज को बोने के लिये अच्छी जमीन नहीं है तो वह बीज अच्छी फसल प्रदान नहीं कर पाता और उन बीजों की परंपरा भी आगे नहीं बढ़ पाती लेकिन बीज यदि कमजोर है,यदि उसे अच्छी जमीन पर बो दिया जाये तो फसल अच्छी आती है और किसान मालामाल हो जाता है,उसी प्रकार श्रद्धा आपके पास है लेकिन उस श्रद्धा को यदि उचित धार्मिक वातावरण नहीं मिले तो वह श्रद्धा के भाव समाप्त हो जाते है चंद्रगिरी डोंगरगढ़ अपने आप में छत्तीसगढ़ का महातीर्थ क्षेत्र है इस पहाड़ी से जैन पुरातत्व के रुप में प्राचीनता जुड़ी हुई है। मुनि ने इतिहास बताते हुये कहा लगभग 110 वर्ष पहले जब जहाँ पर रेल्वे लाईन की खुदाई का कार्य चल रहा था तो खुदाई में जैन तीर्थकरों की प्रतिमाएं प्राप्त हुई तथा कई प्रतिमाओं के अवशेष मिले इससे यह सिद्ध होता है कि यह क्षेत्र जैन संस्कृति का विशेष केंद्र रहा होगा जहाँ का सुरम्य प्राकृतिक शांत वातावरण में आचार्य गुरुदेव की करुणा को इतनी बरसी कि यह क्षेत्र पूरे छत्तीसगढ़ का इकलौता ऐसा तीर्थक्षेत्र बन गया।

श्रम आयुक्त दर के कर्मचारियों का रखा जाए ख्याल:मानिकपुरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छूरिया, 25 फरवरी। छत्तीसगढ़ में 24 फरवरी से विधानसभा में बजट सत्र शुरु हो गई है। इस बार के बजट सत्र को लेकर श्रम आयुक्त दर वन कर्मचारी संघ के प्रांत प्रमुख हारुन मानिकपुरी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री साय सरकार का दूसरा बजट सत्र शुरु हो गई है। बजट में श्रम आयुक्त दर कर्मचारी,दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी,अनियमित कर्मचारी,संविदा कर्मचारियों का विशेष ख्याल रखा जाए। उन्होंने आगे कहा कि शासन के विभिन्न विभागों में लम्बे समय से कार्यरत श्रम आयुक्त दर कर्मचारी,कलेक्टर दर कर्मचारी,अनियमित कर्मचारी,संविदा कर्मचारियों पूर्ववर्ती सरकार में ठगा महसूस कर भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा जताकर अपना समर्थन दिया। वहीं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री बिष्णु देव साय सरकार भी भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र पर अमल करते हुए धान का समर्थन मुल्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, तेंदूपत्ता के मानक बोरा में बढ़ोतरी जैसे निर्णय लेकर गरीब, किसान, श्रमिक के हित में काम कर रही है। वहीं राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत राज का तिहरे चरण मतदान समपन्न हो चुकी है।

दिखने लगा फसल चक्र का फायदा

चनाबूट बेचकर किसान प्रति एकड़ 36-38 हज़ार रुपए तक कमा रहे

- पानी की बचत के साथ खेती की लागत भी हो रही कम, किसानों को दोहरा फायदा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी 25 फरवरी। धमतरी जिले में फसल चक्र परिवर्तन से किसानों को होने वाला फायदा अब दिखने लगा है। गर्मी के धान के बदले दलहनी-तिलहनी और नगदी फसलों की खेती से किसानों को अब कम दिनों में ही दोहरा फायदा हो रहा है। किसानों की खेती की लागत भी कम हुई है, साथ ही भारी मात्रा में पानी की भी बचत हुई है। जिले के चना उत्पादक किसानों ने केवल चनाबूट बेचकर ही एक एकड़ फसल से 36-38 हज़ार रुपए तक का शुद्ध मुनाफा कमाया है। चनाबूट को किसान हाईवे के किनारे दुकान लगाकर, स्थानीय बाज़ार और मंडी में थोक और चिल्लर रूप में बेचकर अच्छा फायदा ले रहे है। मगरलोड विकासखंड के कुंडेल गाँव के किसान रामनाथ ने दो-सवा दो महीने में ही लगभग 84 हज़ार रुपए का चनाबूट बेचा है और इस पर खेती की काश्त आदि खर्चे निकाल कर एक एकड़ से 36-38 हज़ार रुपए तक मुनाफा कमाया है। जिले में इस बार लगभग साढ़े पंद्रह हज़ार हेक्टेयर में चने की फसल लगी है। चार से पाँच हज़ार हेक्टेयर की फसल को किसानों ने चनाबूट के रूप में 40 रूपये किलो के दाम पर बेचा है और अच्छा फ़ायदा लिया है। धमतरी विकासखण्ड के खरतुली गाँव में रहने वाले चैतुराम ने तीन एकड़ में चने की फसल लगाई और चनाबूट के रूप में 38 रुपये प्रति किलो की दर से बेचकर एक लाख 16 हज़ार रुपये से अधिक का लाभ कमाया।

खुद रामनाथ बताते है कि उनके पास दो एकड़ खेत है, जिसमें खरीफ के दौरान धान की फसल लगाई गई थी। इसके बाद कृषि विभाग और जिला प्रशासन की समझाईश और मदद से उन्होंने ढेड़ एकड़ रकबे में रबी मौसम में धान के बदले चना की खेती की। रामनाथ ने बताया कि 70-80 दिन में ही चने में फल आ गया और उसे जड़ से उखाड़ कर चनाबूट के रूप में हाइवे के किनारे दुकान के साथ मंडी और लोकल बाज़ार में 35-40 रुपए किलो के भाव से बेच दिया। उन्होंने बताया कि डेढ़ एकड़ रकबे में दो हज़ार 100 किलो चनाबूट हुआ जिसको 40 रुपए किलो के भाव से बेचने पर 84 हज़ार रुपए मिले। रामनाथ ने बताया कि इस राशि से फसल की काश्त लागत लगभग तीस हज़ार रुपए घटा देने पर उन्हें शुद्ध रूप में 54 हज़ार रुपए का मुनाफा हुआ है। चनाबूट की मिठास बसंत के मौसम में लोगों को बहुत भाती है साथ ही इसमें मिलने वाले 9 प्रतिशत प्रोटीन, 10 प्रतिशत फाइबर और प्रचुर मात्रा में कैल्शियम, मैग्नीशियम तथा फ़ास्फोरस इसे पौष्टिक भी बनाते है। रामनाथ बताते है कि अब खेत भी 70-80 दिन में ही खाली हो गया है ।

छुरिया जनपद में भाजपा के पर्याप्त सदस्य अध्यक्ष के लिये जोड़-तोड़ शुरू

छुरिया, 25 फरवरी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के समाप्त होते ही आज आचार संहिता समाप्त हो गई अब बारी है जनपद अध्यक्ष के चुनाव की कौन होगा छुरिया जनपद का नया अध्यक्ष इस बात को लेकर सरगर्मी का बाजार गर्म हो उठा है। चारों ओर चौक चौराहों और सार्वजनिक स्थलों, पान ठेलों पर सिफ एक ही चर्चा चल रही है कि आखिर हमारा नया जनपद अध्यक्ष कौन होगा। अपने आपको बड़ा अनुभवी और राजनीति का जानकार समझने वाले लोगों के बड़े बड़े दावे सबके सामने आ रहें हैं कि इस बार नया जनपद अध्यक्ष ये होगा वो होगा। इसी मसले का हल देखने चलें तो हमारे सामने कुछ बातें आ रहीं हैं। क्या इस बार के जनपद चुनाव में जीतने वालों में कोई नया चेहरा अध्यक्ष पद का दावेदार हो सकता है इस बात को लेकर अटकले लगाई जा रही हैं कि इसके लिये नव निर्वाचित जनपद सदस्य में से संजय सिन्हा का नाम सबसे पहले आगे चल रहा है क्योंकि संजय सिन्हा की अपनी स्वच्छ छवि और मृदुभाषी होने के साथ ही साथ मिलनसार व्यक्तित्व के धनी होने के साथ ही पार्टी और आमजन के बीच अच्छी खासी पकड़ बनाये हुये हैं इस बात को लेकर सबसे पहला नाम सबकी जुबान पर है तो वो सिर्फ संजय सिन्हा ही है।

संपादकीय

नक्सलियों का सफाया और आसान होगा

नक्सली बस्तर में गंभीर समस्या रहे हैं. उनके कारण बस्तर का विकास कई दशक पीछे हो गया है। सड़क,बिजली,चिकित्सा की सुविधा दूरस्थ गांवों तक पहुंच नहीं सकी है, क्योंकि नक्सली नहीं चाहते थे कि यहां के ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं मिले। वह चाहते थे कि ग्रामीण यूं ही पिछड़े रहेंगे,अनपढ़ रहेंगे तो ही उनका समर्थन करेंगे, मदद करेंगे।इसके लिए उन्होंने बस्तर के ग्रामीणों को डरा कर रखा हुआ था कि वह उनका साथ दें, इसी में उनकी भलाई है, अपने विरोधियों की हत्या कर नक्सलियों ने बस्तर के बड़े भूभाग में आतंक का राज्य स्थापित कर रखा था इससे उनका विरोध करने कोई सामने नहीं आता था। उनको लगता था कि नक्सलियों से बचाने वाला उनको कोई नहीं है।नक्सली बस्तर में सुप्रीम पावर थे, कई सरकारें आई गईं लेकिन नक्सली बरसों तक बस्तर में सुप्रीम पावर बने रहे। यानी वह जो चाहते थे वही बस्तर में होता था।नक्सलियों के सफाए और बस्तर के विकास के लिए जरूरी था कि नक्सली बस्तर में सुप्रीम पावर न रहें। इस बात को सबसे पहले देश के गृहमंत्री अमित शाह ने सोचा और इस योजना पर अमल किया कि बस्तर में सुप्रीम पावर पुलिस व सुरक्षा बल के जवानों को होना चाहिए। इसके पिछले एक दो बरस में बस्तर को पुलिस के साथ ही सुरक्षा बल के जवानों की संख्या निरंतर बढ़ाकर, बीहड़, घने जंगलों में सुरक्षा बल के जवानों के कैंप स्थापित किए गए। इससे आज यह स्थिति बनी है कि बस्तर में नक्सलियों से ज्यादा संख्या में सुरक्षा बल के जवान की है, नक्सलियों के सुरक्षित ठिकानों से ज्यादा संख्या में सुरक्षा बलों के कैंप हैं। नक्सलियों के सफाए के लिए जरूरी था जवानों की संख्या नक्सलियों से ज्यादा होनी चाहिए, आज ऐसा हो गया है, इसलिए नक्सलियों का सफाया बहुत मुश्किल नहीं रह गया है। आए दिन बड़े आपरेशन कर नक्सली मारे जा रहे हैं।मरने के डर से नक्सली सरेंडर कर रहे हैं। पुलिस भी बड़ी संख्या में नक्सलियों को गिरफ्तार कर रही है। यानी नक्सलियों की संख्या कम करने के लिए बस्तर में हर स्तर पर काम हो रहा है। नक्सलियों के उन्मूलन के लिए अभियान चलाया जा रहा है, उनको मुख्य धारा में वापस लाने के लिए नई घोषणाएं की जा रही हैं। पहले से ज्यादा सुविधाएं दी जा रही हैं। उनको कहा जा रहा है कि वह सरेंडर करें नहीं तो मुठभेड का सामना करें और मारें जाएं। इस बात में दो मत नहीं है कि अमित शाह और मोदी के नेतृत्व में नक्सलियों का जिस तरह सफाया हो रहा है। वैसा पहले कभी नहीं हुआ था क्योंकि पहले किसी सरकार ने बस्तर के लोगों को यह एहसास नहीं दिलाया था कि वह नक्सलियों से उनकी रक्षा कर सकते हैं।पहले नक्सली बस्तर में कहीं भी, कभी भी, किसी को भी आसानी से मार सकते थे,इससे माना जाता था कि बस्तर में होगा वही नक्सली चाहेंगे, लेकिन अमित शाह व मोदी के समय में नक्सलियों का सफाया शुरू किया गया तो लोगों को लगा कि यह सरकार नक्सलियों से हमारी रक्षा कर सकती, इससे नक्सलियों को पहले जो समर्थन व मदद बस्तर के गांवों से मिलती थी, वह अब कम हो गई है। नक्सलियों का गांवों से मदद नहीं मिलने से उनको कैंप चलाने में, जंगलों में रहने में दिक्कत होती है, उस पर सुरक्षा बल उनके सुरक्षित ठिकानों तक पहुंच कर उन पर हमला कर रहे है, इससे बस्तर में कही पर उनका रहना मुश्किल हो गया है। इससे बस्तर के गांवों में नक्सलियों का आंतक कम हुआ है, कई गांवों में नक्सली आंतक खत्म होने के कारण अब ग्रामीण चाह रहे हैं कि अब नक्सलियों का पूरा सफाया होना चाहिए। गांव के लोग भी अब इस काम में सहयोग करना चाहते थे। यह साय सरकार के लिए शुभ संकेत है। इसका श्रेय साय सरकार को जाता है,उसने नियद नेल्लानार योजना चला कर ग्रामीणों को एहसास दिलाया कि बस्तर से नक्सलियों को सफाया हो जाएगा तो उनको कितनी सुविधा होगी। उनको राज्य सरकार की हर योजना का कितना लाभ मिलेगा। उनके क्षेत्र व गांवों का कितना विकास होगा। बदलाव के जो संकेत नक्सलगढ़ कहे जाने वाले गढ़चिरौली में देखने के मिल रहे हैं, वह इस बात का संकेत है कि अब बस्तर के लोग भी नक्सलियों की तानाशाही से ऊब गए हैं,वह भी उनसे मुक्ति चाहते हैं। अबूझमाड़ से लगे भामरागढ़ ब्लाक के बीस गांवों के लोगों ने तय किया है कि अब नक्सलियों को उनके गांव से किसी तरह की मदद नहीं की जाएगी। अब तक क्षेत्र के ग्रामीणों की मदद से ही नक्सली किसी क्षेत्र में अपना कैंप लगाकर अपनी गतिविधियां संचालित करते थे। अब जब गांवों से मदद नहीं मिलेगी तो नक्सलियों के लिए किसी भी क्षेत्र में रहना मुश्किल हो जाएगा।गांवों के पास ही नक्सली रहते थे तो उनको कई तरह की सुविधा होती थी, गांवों के लोगों के पास की भरमार बंदूकों का इस्तेमाल वह करते थे, गांव के लोग नक्सली उनकी भरमार बंदुकों का इस्तेमाल न कर सके इसलिए गांव के लोगों ने अपनी भरमार बंदूकें सुरक्षा बलों को सौंप दी है, गांव के नजदीक नक्सलियों का कैंप लगता था तो नक्सली गांव के युवाओं को नक्सली बनने और प्रशिक्षण लेने के मजबूर करते थे। अब नक्सलियों का कैंप गांव के पास न लगने से नक्सलियों के युवाओं की भर्ती भी मुश्किल हो गई है। इससे नक्सली बस्तर में अब नई भर्तीकर अपनी संख्या व ताकत नहीं बढ़ा पा रहे हैं और आए दिन बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने, सरेंडर करने व गिरफ्तारी होने से भी नक्सलियों की संख्या निरंतर कम होती जा रही है, नक्सली निरंतर कमजोर होते जा रहे हैं। भामरागढ़ ब्लाक के गांवों की तरह अन्य गांवों के लोग भी आने वाले दिनों में जागरूक होंगे और नक्सलियों को किसी भी तरह की मदद करने से परहेज करेंगे तो नक्सलियों का सफाया बस्तर से आसान हो जाएगा। अब तक नक्सलियों का सफाया राज्य सरकार कर रही है, अब नक्सलियों से मुक्ति बस्तर के गांवों के लोग भी चाहने लगे हैं तो यह एक जनआंदोलन बन सकता है। जब कोई आंदोलन जन आंदोलन बनता है तो उसका सफल होना तय होता है। बस्तर में जिस दिन झारखंड की तरह नक्सलियों की हत्या ग्रामीण करने लगेंगे तो नक्सलियों का बस्तर में रहना मुश्किल हो जाएगा। बस्तर में नक्सलियों की अब तक

धर्म

रमाकान्त पन्त-विनायक फीचर्स

मनुष्य के सारे पापों का हरण करते हैं गोपेश्वर महादेव

देवभूमि उत्तराखण्ड़ प्राकृतिक सौंदर्य की दृष्टि से भारत का ही नही अपितु विश्व का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहां के पर्यटन एवं तीर्थ स्थलों का भ्रमण करते हुए जो आध्यात्मिक अनुभूति होती है वह अपने आप में अद्भुत है।पर्यटन की दृष्टि से ही नहीं बल्कि तीर्थाटन की दृष्टि से भी यह पावन भूमि महत्वपूर्ण है। इसी कारण यहां का भ्रमण अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा श्रेष्ठ एंव संतोष प्रदान करने वाला है। पर्यटन एवं तीर्थाटन के विकास के लिए सरकार समुचित सहायता व प्रोत्साहन कब देगी यह तो समय ही बताएगा, किन्तु इतना जरूर है कि गुमनामी के साये में बदहाल तीर्थ स्थल यदि प्रकाश में लाएं जाएं तो ये तमाम तीर्थ विराट महत्व को प्रकट कर आस्था व भक्ति का अलौकिक संगम बनकर उभर सकते है। ऐसे ही पावन तीर्थों में अद्भुत महिमा वाला क्षेत्र है,गोपेश्वर महादेव मंदिर। जनपद बागेश्वर के काड़ां क्षेत्रान्तर्गत गोपेश्वर महादेव का मंदिर पौराणिक काल से परम पूज्यनीय रहा है। स्थानीय जनमानस में इस मंदिर के प्रति अगाध श्रद्वा है। स्कंदपुराण में गोपेश्वर महादेव की महिमा का अद्भुत वर्णन करते हुए कहा गया है कि गोपेश्वर के स्मरण व दर्शन से समस्त पापों का हरण हो जाता है।

पातका विप्रलीयन्ते गोपीश। दर्शनात किमु भो विप्रा : पूजनात कथयाम्यहम्(59)(केदारखण्ड़ अध्याय80)*

पुराणों के अनुसार गोपेश्वर नामक इस स्थान पर गोपियों ने भगवान शंकर की आराधना करके उत्तम गति प्राप्त की। गोपियों द्वारा इस स्थान पर शिवजी की तपस्या किये जाने से ही इस स्थान का नाम गोपेश्वर पड़ा।इस स्थल की महिमा इतनी विराट है,कि उसे शब्दों में नहीं समेटा जा सकता है। इस क्षेत्र से होकर बहने वाली पवित्र नदी भद्रा की महिमा गोपेश्वर की गरिमा को दशार्ती है। पुराणों में कहा गया है कि भद्रा में स्नानकर उसके बायीं ओर गोपेश्वर का पूजन करने से मोक्ष प्राप्त होता है। इसके पादतल से होकर बहने वाली सरस्वती नदी भद्रा में मिलती है।

यस्य वामे महादेवो गोपीशःपूज्यते द्विजाः। निमज्य मुनिशादूर्ला भद्रातोये प्रयन्नतः।।.....पूज्य गोपेश्वरं देवं प्रयाति परमं पदम्।

महर्षि भगवान वेद व्यास जी ने गोपेश्वर की महिमा का बखान करते हुए कहा कि इस स्थान पर भगवान शंकर की पूजा करने से पितामह, मातामह आदि पूर्वजों द्वारा किये गये पाप भी प्रभावहीन होकर समाप्त हो जाते है। शिवजी की आराधना के लिए भूमण्डल में यह भूभाग सर्वोत्तम तथा शिवलोक की प्राप्ति कराने वाला कहा गया है। हिमालय की गोद में बसे उत्तराखण्ड़ के पवित्र आंचल जनपद बागेश्वर की भूमि में स्थित गोपेश्वर कभी गोपीवन के नाम से प्रसिद्व रहा हैं। सौंदर्य से परिपूर्ण घाटी नागगिरी पर्वत के समीप गोपेश्वर महादेव में शिव जागृत रुप में विराजमान बताये जाते है,कहा जाता है,कि जो प्राणी भगवान गोपेश्वर के इस दरबार में अपनी भावनाओं के श्रद्धापुष्प भक्ति के साथ भोलेनाथ जी के चरणों में अर्पित करता है,वह समस्त भयों से रहित होकर जीवन का आनन्द व मोक्ष प्राप्त करता है। इस दुर्लभ स्थान की सबसे बड़ी विशेषता यह है,कि वर्णसंकर दोष का यहीं निवारण होता है। कहा तो यहां तक गया है कि दुरात्मा मानवों के पाप गोपेश्वर मण्डल में पहुंचने के पूर्व तक ही विद्यमान रहते है। यहां पहुचने पर पूर्वजों के पाप भी क्षय हो जाते है। गोपेश्वर का पूजन करने पर इक्कीस बार सारी

पृथ्वी की परिक्रमा करने का फल मिलता है।

गोपेश्वर नाथ की अपरम्पार महिमा के बारे में ऋषियों की जिज्ञासा को शान्त करते हुए स्कंद पुराण में व्यास भगवान ने इस पावन स्थल के बारे में बताया है,कि कभी यहां के पावन पर्वतों पर नाग समुदाय ने माता कामधेनु की सेवा की थी। पुराणों में इस भूभाग को नागपुर क्षेत्र कहा गया है। ऊँचे पर्वतों पर विराजमान नाग देवताओं के मंदिर गोपेश्वर की अद्भुत महिमा को उजागर करते है। गोपेश्वर व उसके आसपास के तमाम पर्वत नाग पर्वतों के नाम से प्रसिद्ध है। इन तमाम मंदिरो में आज भी विधिवत नागों का पूजन होता है। पुराणों ने भी इस विषय की प्रामाणिकता को प्रकट करते हुए कहा है कि सतयुग के आरम्भ में ब्रह्मा जी ने सारी पृथ्वी को अनेक खण्ड़ों में विभक्त कर दिया था। विभक्त भूभागों में देवता,दानव,गन्धर्व,अप्सरायें,विद्याधर तथा भांति भांति के पशु,पक्षियों के रहने के लिए अनेक स्थान निश्चित किये गए।इसी क्रम में ब्रह्मा जी ने नागों के लिए हिमालय के आंचल में नागपुर नामक स्थान नियत किया। ब्रह्मा के बनाये गये नियमों को शिरोधार्य मानकर नागों ने यह भूखण्ड़ प्राप्त किया। जो नागपुर के नाम से जाना जाता है। इसी नागपुर में कामधेनु ने नागों की सेवा से संतुष्ट होकर उनसे वरदान मांगने को कहा इस पर नाग देवता बोले हमें अपने समान ही गोकुल प्रदान करके कृतार्थ कीजिए। कामधेनु से वर पाकर असंख्य गायों को प्राप्त करके उनके चरने के लिए नागों ने गोपीवन की रचना की और उस गोचर भूमि में गायों को चराने एवं उनकी रक्षा करने के लिए नागकन्याओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। गोपीवन गोपेश्वर में गायों को चराने के साथ साथ नागकन्यायें गोपेश्वर की आराधना में तत्पर रहती थी। तभी भगवान भोलेनाथ की लीला के प्रभाव से एक बार उन्हें इस पहाड़ के अग्रभाग की तलहटी पर एक अद्भुत गुफा दिखाई दी।नागकन्याओं ने गुफा के समक्ष सरस्वती गंगा के भी दर्शन किए वहां उन्होनें शिवजी की भी पूजा की। यह गुफा वर्तमान में सानिउडियार के नाम से प्रसिद्ध है।मान्यता है,कि इसी गुफा में शांडिल्य ऋषि ने भगवान शंकर की तपस्या करके उन्हें संतुष्ट किया था। इस गुफा को देखकर नागकन्याओं की जिज्ञासा गुफा के रहस्य को लेकर बढ़ गयी। नागराज मूलनारायण की कन्या के साथ नाग कन्याओं ने उसमें प्रवेश की चेष्टा की लेकिन वे असफल हुई। निराश नागकन्याओं ने भगवान शंकर की स्तुति करते हुए कहा कि यदि हमारी शिवभक्ति सच्ची है तो हम गुफा को पार कर जाएं। भगवान शंकर को आगे करके वे गुफा में प्रवेश कर गई। उन्हें आशा थी अवश्य ही इस गुफा में भगवान शंकर उन्हें दर्शन देकर कृतार्थ करेगें लेकिन उनकी यह आस अधूरी रह गई,इतना ही नहीं उनकी गायें भी गुम हो गयी। गायों को ढूंढ़ते ढूंढते,भटकते भटकते नाग कन्यायें दूसरे वन में पहुंच गई। उस वन की गोचर भूमि में हरी भरी घास के बीच उन्होनें अपनी गायों को चरते देखा और सोचा कि ये गाये घास के लोभ में यहां तक पहुंच गयी हैं लेकिन इसी बीच उन्होने गायों के समुदाय के मध्य तेजोमय भगवान शिव के अलौकिक स्वरुप को देखा। उन्होने देखा कि इस स्वरुप से चराचर जगत दीप्तिमान हो रहा है।उन्हीं गायों के मध्य भगवान शिव के अलौकिक स्वरूप वाले ज्योतिर्मय लिंग के तेजो मण्डल से आकाश के मध्यवर्ती सूर्य की ज्योति फीकी पड़ गई है।शिवजी के इस स्वरुप के दर्शन पाकर नागकन्याएं धन्य हो गई।ये नागकन्यायें ही गोपियों के नाम से भी प्रसिद्ध थी। गोपियों ने शिव को प्रणाम कर भांति भांति प्रकार से उनका पूजन किया। गोपियों की भगवान गोपेश्वर के प्रति की गई यह स्तुति पुराण में काफी प्रसिद्ध है

नमोहरायामितभूषणाय चितासमिदभस्मविलेपनाय। बृषध्वजाय सुवृषप्रभाय शिवाय शान्ताय नमो नमस्ते।।

नमो विरूपाय कलाधराय षडर्धनेत्राय परावराय। ऋषिस्तुतायापरिसेविताय नमो नमस्ते बृषवाहनाय।।

अर्थात असंख्य भूषणभूषित, चिताभस्मलिप्तांग, वृषध्वज, मोर की कान्ति स्वरुप शान्त शिव को हम प्रणाम करते हैं।विरूप,कलाधर,त्रिनेत्र,चन्द्रशेखर तथा महर्षियों से संस्तुत शंकर को हम बार बार नमस्कार करते है। गोपियों(नागकन्याओं)की प्रार्थना सुनकर शिवजी ने गोपियों को प्रत्यक्ष दर्शन दिए तथा उन्हें वरदान देकर अर्न्तध्यान हो गये शिवजी के वरदान के प्रभाव से गोपियां भी गायों के साथ शिवजी में प्रविष्ट हो गयी।इस प्रकार वे उत्तमगति को प्राप्त हुई और यह स्थान जगत में गोपेश्वर के नाम से प्रसिद्व हुआ। जनपद बागेश्वर के कांडा नामक स्थान से चंद किलोमीटर की दूरी पर सिमकौना स्थित गांव को मणगोपेश्वर के नाम से भी पुकारते है। रावल लोग इस मंदिर के पुजारी है।

महाशिवरात्रि पर दूल्हा बनकर सजते-संवरते हैं महाकाल

(देशना जैन-विनायक फीचर्स)

उज्जयिनी धर्म और कर्म की वह पौराणिक नगरी है जहां सनातन धर्म की परम्पराएँ जीवंत हो उठती है। पौराणिक तथ्य और कथ्य उज्जयिनी के प्राण हैं। हजारों वर्षो की प्राचीन परम्पराएँ कितने ही राजा महाराजाओं के चले जाने के बाद भी आज तक निर्बाध रूप से चल रही है। ये परम्पराएँ आस्था और भक्ति का अनूठा संगम है। जहां भक्त के वशीभूत भगवान भी सामान्य मनुष्य जीवन की परम्परा का निर्वाहन करते है और भक्तों को उनकी इच्छा अनुरूप दर्शन भी देते है। भूतभावन आदिदेव महादेव के महाकाल रूप में अवंतिकापुरी को पावन करते है। वे महाकाल भी अपने विवाह की वर्षगांठ याने शिवरात्रि के अवसर पर भक्तों के वशीभूत हो जाते है। हर वर्ष शिव नवरात्रि पर नौ दिन तक महाकाल दूल्हे के रूप में सजे संवरे नजर आते है। शिव नवरात्रि के दौरान महाकालेश्वर के दरबार की छटा निराली होती है। मंदिर नौ दिवसीय उत्सव का साक्षी बनता है, जिसमें भगवान महाकाल का दिव्य श्रृंगार और भव्य पूजन संपन्न होता है। यह आयोजन फाल्गुन कृष्ण पंचमी से महाशिवरात्रि के अगले दिन तक चलता है, जो शिवभक्तों के लिए असीम श्रद्धा और आध्यात्मिकता का केंद्र बन जाता है।

शिव नवरात्रि की पौराणिक महत्ता-मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने हेतु शिव नवरात्रि के दौरान कठिन तपस्या और आराधना की थी। इसी कारण श्रद्धालु इस अवधि में उपवास, पूजा-अर्चना और साधना कर भगवान शिव को प्रसन्न करके उनकी कृपा प्राप्त करने का प्रयास करते हैं।

महाकाल का दिव्य श्रृंगार-महाशिवरात्रि को भगवान शिव एवं माता पार्वती के विवाह का पर्व माना जाता है। जिस प्रकार विवाह से पहले वर को हल्दी लगाई जाती है, उसी प्रकार महाकाल मंदिर में नौ दिनों तक भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया जाता है। वैसे तो भगवान शिव को हल्दी लगाना निषेध हैं। परंतु इस अवधि में उन्हे हल्दी, चंदन, केसर का उबटन, सुगंधित इत्र, औषधि और फलों के रस से स्नान कराया जाता है। इसके बाद आकर्षक वस्त्र, आभूषण, मुकुट, छत्र, और विभिन्न मुखारविंदों से भगवान महाकाल को अलंकृत किया जाता है।

पूजन विधि और अनुष्ठान-शिव नवरात्रि के पहले दिन पुजारियों द्वारा नैवेद्य कक्ष में भगवान चंद्रमौलेश्वर और कोटेश्वर महादेव की पूजा के साथ संकल्प लिया जाता है। प्रतिदिन ब्राह्मणों द्वारा पंचामृत अभिषेक और रुद्रपाठ किया जाता है। इसके बाद भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार होता है, जिसमें विभिन्न स्वरूपों में भगवान के दर्शन किए जाते हैं:

1. चंदन श्रृंगार 2. शेषनाग श्रृंगार 3. घटाटोप मुखारविंद श्रृंगार 4. छत्रधारी श्रृंगार 5. होलकर मुखारविंद श्रृंगार 6. मनमहेश स्वरूप श्रृंगार 7. उमा-महेश स्वरूप श्रृंगार 8. शिव तांडव श्रृंगार 9. सप्तधान श्रृंगार प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक विशेष पूजन होता है।

भस्म आरती एवं हरिकथा-शिवरात्रि के दिन भस्म आरती दोपहर में संपन्न होती है, जो वर्ष में केवल एक बार होती है। शिव नवरात्रि के दौरान भगवान महाकाल हरिकथा श्रवण करते हैं, जिसमें मंदिर परिसर में 113 वर्षों से नारदीय संकीर्तन की परंपरा चली आ रही है। मंदिर प्रांगण में आकर्षक विद्युत सजावट और पुष्प अलंकरण किया जाता है।

महाशिवरात्रि एवं सेहरा दर्शन-महाशिवरात्रि के दिन भगवान महाकाल को विशेष जलाभिषेक और पूजन के बाद अर्धरात्रि में महानिशा काल की विशेष पूजा की जाती है। अगले दिन भगवान का सेहरा दर्शन होता है, जिसमें सवा मन पुष्पों एवं फलों से अलंकृत मुकुट, छत्र, कुंडल, तिलक, त्रिपुंड, रुद्राक्ष की मालाओं से भगवान महाकाल को श्रृंगारित किया जाता है। भक्तगण इस दिव्य स्वरूप के दर्शन कर आनंद से अभिभूत हो जाते हैं।

श्रद्धालुओं की आस्था-भगवान महाकाल के दिव्य दर्शन से भक्तगण आत्मिक शांति और आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति करते हैं। इस दिव्य दर्शन के बाद श्रद्धालु यहां से लौटने का मन नहीं करते और उनके मन में भगवान महाकाल की कृपा प्राप्त करने की प्रबल भावना जाग्रत होती है।

महाशिवरात्रि

शिवरात्रि है शिव से साक्षात्कार का महापर्व

ललित गर्ग

आदि देव महादेव शिव सभी देवताओं में सर्वोच्च हैं, महानतम हैं, दुःखों को हरने एवं पापों का नाश करने वाले हैं। वे कल्याणकारी हैं तो संहारकर्ता भी हैं। वे आशुतोष है तो भोले शंकर भी है, एक ओर जन-जन के आदर्श है तो दूसरी ओर साधकों के साधक। भगवान शिव भोले भण्डारी है और जग का कल्याण करने वाले हैं। भगवान शिव आदिदेव है, देवों के देव है, महादेव हैं। सत्यं शिवं सुन्दरम् के प्रतीक शिव और उनकी रात्रि, जन-जन के जागरण की महाशिवरात्रि प्रतिवर्ष फाल्गुण मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनायी जाती है, जो शिवत्व का जन्म दिवस है। यह शिव से पार्वती के मिलन की रात्रि का सुअवसर है। इसी दिन निशीथ अर्धरात्रि में शिवलिंग का प्रादुर्भाव हुआ था। इसीलिये यह पुनीत पर्व सम्पूर्ण देश एवं दुनिया में उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सांस्कृतिक एवं धार्मिक चेतना की ज्योति किरण है, जो शिव से एकाएक होने की चरम साधना का उत्कर्ष है। इससे जीवन एवं जगत में प्रसन्नता, गति, संगति, सौहार्द, ऊर्जा, आत्मशुद्धि एवं नवप्रेरणा का प्रकाश परिव्याप्त होता है। यह पर्व जीवन के श्रेष्ठ एवं मंगलकारी व्रतों, संकल्पों तथा विचारों को अपनाने की प्रेरणा देता है।

शिवरात्रि जागृति का पर्व है। जिसमें आत्मा का शिव से मिलना होता है। यह आत्म स्वरूप को जानने की रात्रि है। स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का दुर्लभ आध्यात्मिक अनुभव है। यह स्वयं के भीतर जाकर अथवा अंतश्चेतना की गहराइयों में उतरकर आत्म साक्षात्कार करने का प्रयोग है। यह आत्मयुद्ध की प्रेरणा है, क्योंकि स्वयं को जीत लेना ही जीवन की सच्ची जीत है, शिवत्व की प्राप्ति है। काल के इस क्षण की सार्थकता शिवमय हो जाने में है। शक्ति माया नहीं है, मिथ्या नहीं है, प्रपंच नहीं है। इसके विपरीत शक्ति सत्य है। जीव और जगत भी सत्य है। सभी तत्वतः सत्य हैं। सभी शिवमय हैं। शिवरात्रि भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है, संयम की, त्याग की, भक्ति की, संतुलन की। सुविधाओं के बीच रहने वालों के लिये सोचने का अवसर है कि वे आवश्यक जरूरतों के साथ जीते हैं या जरूरतों से ज्यादा आवश्यकताओं की मांग करते हैं। इस शिवभक्ति एवं उपवास की यात्रा में हर व्यक्ति में अहंकार नहीं, बल्कि शिशुभाव जागता है। क्रोध नहीं, क्षमा शोभती है। कष्टों में मन का विचलन नहीं, सहने का धैर्य रहता है। यह तपस्या स्वयं के बदलाव की एक प्रक्रिया है। यह प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय की प्रेरणा है। इसमें भौतिक परिणाम पाने की महत्वाकांक्षा नहीं, सभी चाहों का संन्यास है। प्रयागराज में महाकुंभ का समापन महाशिवरात्रि के पवित्र एवं चमत्कारी स्नान के साथ होगा। ग्रहों और नक्षत्रों के विशेष संयोग के चलते इस बार की शिवरात्रि बेहद पुण्यदायक बताई जा रही है। प्रयागराज महाकुंभ में तो इसका महत्व और भी कई गुना बढ़ गया है। महाकुंभ में महाशिवरात्रि पर बेहतर विशेष संयोग बन रहे है। इस बार सूर्य का चुंबकीय प्रभाव बहुत ही दिव्य है। ऐसा दैवीय संयोग सैकड़ो सालों के बाद बन रहा है। इस बार की महाशिवरात्रि पर चतुर्ग्रहीय योग बन रहा है। इसमें शिवयोग भी शामिल है। महाशिवरात्रि पर शिवयोग बेहद फलदायक और कल्याणकारी होता। महाकुंभ विश्व के सबसे बड़े, प्राचीन और धार्मिक उत्सवों में एक है। शिव शक्ति के प्रतीक ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की निशीथ काल में हुआ था। शिव पुराण के अनुसार सृष्टि के आरंभ में ब्रह्मा ने इसी दिन रुद्र रूपी शिव को उत्पन्न किया था। शिव एवं हिमालय पुत्री पार्वती का विवाह भी इसी दिन हुआ था। अतः यह शिव एवं शक्ति के पूर्ण समरस होने की रात्रि भी है। वे सृष्टि के सर्जक हैं। वे मनुष्य जीवन के ही नहीं, सृष्टि के निमार्ता, पालनहार एवं पोषक हैं। उन्होंने मनुष्य जाति को नया जीवन दर्शन दिया। जीने की शैली सिखलाई।सृष्टि के कल्याण हेतु जीर्ण-शीर्ण वस्तुओं का विनाश आवश्यक है। इस विनाश में ही निर्माण के बीज छुपे हुए हैं। इसलिये शिव संहारकर्ता के रूप में निर्माण एवं नव-जीवन के प्रेरक भी है। सृष्टि पर जब कभी कोई संकट पड़ा तो उसके समाधान के लिये वे सबसे आगे रहे। जब भी कोई संकट देवताओं एवं असुरों पर पड़ा तो उन्होंने शिव को ही याद किया और शिव ने उनकी रक्षा की। समुद्र-मंथन में देवता और राक्षस दोनों ही लगे हुए थे। सभी अमृत चाहते थे, अमृत मिला भी लेकिन उससे पहले हलाहल विष निकला जिसकी गर्मी, ताप एवं संकट ने सभी को व्याकुल कर दिया एवं संकट में डाल दिया, विष ऐसा की पूरी सृष्टि का नाश कर दें, प्रश्न था कौन ग्रहण करें इस विष को। भोलेनाथ को याद किया गया गया। वे उपस्थित हुए और इस विष को ग्रहण कर सृष्टि के सम्मुख उपस्थित संकट से रक्षा की। उन्होंने इस विष को कंठ तक ही रखा और वे नीलकंठ कहलाये। इसी प्रकार गंगा को पृथ्वी पर लाने के लिये भोले बाबा ने ही सहयोग किया। क्योंकि गंगा के प्रचंड दबाव और प्रवाह को पृथ्वी कैसे सहन करें, इस समस्या के समाधान के लिये शिव ने अपनी जटाओं में गंगा को समाहित किया और फिर अनुकूल गति के साथ गंगा का प्रवाह उनकी जटाओं से हुआ। ऐसे अनेक सृष्टि से जुड़े संकट और उसके विकास से जुड़ी घटनाएं हैं जिनके लिये शिव ने अपनी शक्तियों, तप और साधना का प्रयोग करके दुनिया को नव-जीवन प्रदान किया। शिव का अर्थ ही कल्याण है, वही शंकर है, और वही रुद्र भी है। शंकर में शं का अर्थ कल्याण है और कर का अर्थ करने वाला। रुद्र में रु का अर्थ दुःख और द्र का अर्थ हरना- हटाना। इस प्रकार रुद्र का अर्थ हुआ, दुःख को दूर करने वाले अथवा कल्याण करने वाले। भोलेनाथ भाव के भूखे हैं, कोई भी उन्हें सच्ची श्रद्धा, आस्था और प्रेम के पुष्प अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना कर सकता है। दिखावे, ढोंग एवं आडम्बर से मुक्त विद्वान-अनपढ़, धनी-निर्धन कोई भी अपनी सुविधा तथा सामर्थ्य से उनकी पूजा और अर्चना कर सकता है। शिव न काठ में रहता है, न पत्थर में, न मिट्टी की मूर्ति में, न मन्दिर की भव्यता में, वे तो भावों में निवास करते हैं। यह पर्व महाकाल शिव की आराधना का महापर्व है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन पूजा एवं अभिषेक करने पर उपासक को समस्त तीर्थों के स्नान का फल प्राप्त होता है। शिवरात्रि का व्रत करने वाले इस लोक के समस्त भोगों को भोगकर अंत में शिवलोक में जाते हैं। शिव को बिल्वपत्र, धतूरे के पुष्प तथा प्रसाद में भांग अति प्रिय हैं। लौकिक दृष्टि से दूध, दही, घी, शकर, शहद-इन पाँच अमृतों (पंचामृत) का पूजन में उपयोग करने का विधान है। महामृत्युंजय मंत्र शिव आराधना का महामंत्र है। शिवरात्रि वह समय है जो पारलौकिक, मानसिक एवं भौतिक तीनों प्रकार की व्यथाओं, संतापों, पाशों से मुक्त कर देता है। शिव की रात शरीर, मन और आत्मा को ऐसी शान्ति प्रदान करती है जिससे शिव तत्व की प्राप्ति सम्भव हो पाती है। लौकिक जगत में लिंग का सामान्य अर्थ चिह्न होता है जिससे पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग की पहचान होती है। शिव लिंग लौकिक के परे है। इस कारण एक लिंगी है। आत्मा है। शिव संहारक हैं। वे पापों के संहारक हैं।

महाशिवरात्रि पर विशेष

शिव ही योगी , शिव ही विज्ञान

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

सृष्टि के संहारक भगवान भोले शंकर के विषय में जन्म को लेकर चचाएं चलती रहती हैं । वास्तव में भगवान भोले शंकर का जन्म ही नहीं हुआ है । वे अजन्मे ही हैं । यही कारण है कि उन्हें स्वयंभू कहा जाता है । पुराणों में आई कथा और उनके जानकारों का मानना है कि भगवान भोले नाथ की उत्पत्ति का वर्णन पुराणों में मिलता है । इस संदर्भ में विष्णु पुरान का जिक्र किया जाता है । इसके अनुसार ब्रह्मा भगवान विष्णु की नाभि कमल से पैदा हुए , जबकि यह वर्णन भी मिलता है कि भगवान भोले नाथ विष्णु जी के माथे के तेज से प्रकट हुए । विष्णु पुरान के अनुसार माथे के तेज से उत्पन्न होने के कारण ही भगवान भोले नाथ हमेशा योग की मुद्रा में दिखाई पड़ते है । इससे जुड़ी एक और कथा श्रीमद भागवत में उल्लेखित है । एक समय जब भगवान विष्णु और ब्रह्मा अहंकार के वशीभूत हो स्वयं को श्रेष्ठ सिद्ध करने का प्रयास कर रहे थे , तब भगवान भोले नाथ एक जलते हुए खंबे से प्रकट हुए । विष्णु पुरान में ही शिव जी के जन्म की एक और कहानी का वर्णन है । कथानक के अनुसार ब्रह्मा जी को एक बच्चे की जरूरत थी । उन्होंने इसके लिए कठिन तप किया । तप के सफल होने पर उनकी गोद में रोते हुए बालक शिव प्रकट हुए । जब ब्रह्मा जी ने बालक से रोने जा कारण पूछा तो बालक ने बड़ी मासूमियत से जवाब दिया कि उसका कोई नाम नहीं है इसलिए वह तो रहा है । तब ब्रह्मा जी ने बालक को एक नाम दिया जिसे ₹ रुद्र ₹ के नाम से जाना गया । रुद्र का अर्थ रोने वाले से लगाया जाता है । ब्रह्मा जी बालक शिव के रुदन को समाप्त करना चाहते थे । उन्होंने उस बालक का पुनः दूसरा नाम रखा , किंतु बालक फिर भी शांत नहीं हुआ ! ब्रह्मा जी ने बालक को शांत करने के उद्देश्य से उसे आठ नाम दिए । ये आठ नाम :- रुद्र , शर्व , भाव , उग्र , भीम , पशुपति , ईशान और महादेव के नाम से जाने गए । ऐसा भी उल्लेख शिव पुराण में मिलता है कि ये सारे नाम ब्रह्मा जी द्वारा पृथ्वी पर लिखे गए थे । ब्रह्मा जी के माथे से शिव जी के प्रकट होने के पीछे जो पौराणिक कथा है , उसे जानना भी जरूरी है । ऐसी जानकारी मिलती है कि जब धरती , आकाश , पाताल सहित समस्त ब्रह्माण्ड जल मग्न था तब सृष्टि में केवल ब्रह्मा , विष्णु और महेश ही देव रूप में विद्यमान थे । कहा जाता है कि भगवान विष्णु जल सतह पर अपनी शैय्या शेषनाग पर लेटे हुए थे । इसी दौरान उनकी नाभि से कमल नाल पर ब्रह्मा जी प्रकट हुए । दोनों देव ब्रह्मा और विष्णु जी जब स

एक नजर

निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर चार शिक्षक निलंबित

कांकेर। 25 फरवरी। त्रिस्तरी आम निर्वाचन 2025 के तहत अंतिम चरण का मतदान के पश्चात सामग्री जमा करने के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने चार शिक्षकों को निलंबित किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार मतदान केंद्र क्रमांक 72 में पीठासीन अधिकारी के रूप में प्राथमिक शाला पीवी 68 के प्रधान पाठक माध्यमिक शाला ताडहूर मन्नूलाल नेताम, मतदान अधिकारी दो प्राथमिक शाला पीवी 71 के सहायक शिक्षक देवराज तितराम, मतदान अधिकारी एक माध्यमिक शाला पीवी 15 के शिक्षक बेद्युति विश्वास और मतदान अधिकारी तीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिकसोड़ के सहायक शिक्षक विवेक एक्का को मतदान पश्चात मतदान सामग्री वापसी के दौरान सिर्फ मतपेटी जमा कर अन्य निर्वाचन सामग्री संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज जमा नहीं किए जाने व निर्वाचन सामग्री के साथ अनुपस्थित रहने तथा दूसरे दिन 24 फरवरी को प्रातः साढे आठ बजे तक निर्वाचन सामग्री संग्रहण केंद्र में जमा नहीं किया गया।

एनएमडीसी बचेली में राजभाषा तकनीकी सेमिनार का आयोजन

बचेली। एनएमडीसी बीआईओएम, बचेली कॉम्प्लेक्स में राजभाषा तकनीकी सेमिनार का आयोजन सोमवार को संपन्न हुआ। बचेली

परियोजना प्रमुख बी वेंकटेश्वरलु के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस निगम स्तरीय राजभाषा तकनीकी सेमिनार में एनएमडीसी की विभिन्न परियोजनाओं से प्रतिभागी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बचेली प्रतिबिंब पत्रिका का विमोचन किया गया। परियोजना द्वारा निर्धारित दो तकनीकी विषयों पर आयोजित किए गए इस राजभाषा सेमिनार में कुल 20 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए इस आयोजन को राजभाषा के साथ-साथ तकनीकी क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण आयोजन बताया।

फिजिकल दक्षता की तैयारी के लिए कैम्प 27 एवं 28 फरवरी को भानुप्रतापपुर में

कांकेर, 25 फरवरी। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की पहल पुना परियान योजना के तहत क्षेत्र के ऐसे युवा छात्र जो सेना अग्निवीर, जल, थल, वायु सेना भर्ती, पुलिस एसआई भर्ती, पुलिस आरक्षक भर्ती, वनरक्षक भर्ती या ऐसे परीक्षा की तैयारी कर रहे है उन छात्रों के लिए जिला प्रशासन कांकेर ने विकासखंड भानुप्रतापपुर मुख्यालय से 2 किमी की दुरी पर ग्राम चौगेल (मूल्ला) में शारिरीक दक्षता की तैयारी हेतु ट्रैक का निर्माण किया गया है। इसमें सभी छात्र भाग ले सकते है इसके लिए आनलाईन पंजीयन हेतु गुगल फार्म जनरेट व क्युआर कोड जारी किया गया है। पंजीकृत छात्रों के चयन हेतु दो दिवसीय कैम्प का आयोजन 27 एवं 28 फरवरी को कैम्प स्थल पर किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेष मंडावी ने बताया कि चौगेल (मूल्ला) में पुराना कैम्प रहा है जिसे जिला प्रषासन ने अधिगृहित किया है यहां पर क्षेत्र के युवाओं के लिए शारिरीक दक्षता परीक्षा को पास करने के लिए विभिन्न ट्रैक का निर्माण कर छात्रों के फिजिकल एवं मेंटल एबिलिटी की तैयारी कराई जाएगी। इसके लिए विषेषज्ञों की टीम कार्य करेगी यहां पर विभिन्न प्रकार के प्रषिक्षण छात्रों को दिया जाएगा, उनके डाईट, समय प्रबंधन इत्यादि को ध्यान में रखा जाएगा।

444 श्रद्धालु रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए अयोध्या धाम

कांकेर, 25 फरवरी। राज्य शासन ने जिले के निवासियों को अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने के लिए ÷रामलला दर्शन योजना÷ शुरू की है। इस योजना के तहत हर साल लगभग 20,000 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की मुफ्त तीर्थयात्रा की सुविधा प्रदान करता है। श्रद्धालुओं को विशेष आस्था स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से अयोध्या ले जाया जाता है, जहां वे रामलला के दर्शन कर सकते हैं। जिले के अब तक 06 चरण में 444 श्रद्धालु रामलला दर्शन के लिए अयोध्या धाम रवाना हुए हैं। श्रद्धालुओं को स्पेशल ट्रेन के माध्यम से भेजा गया है, प्रत्येक चरण में 72 दर्शनार्थियों के साथ 02 अनुरक्षक भी शामिल रहेते हैं। योजना के तहत यात्रा के लिए इच्छुक हितग्राही निर्धारित प्रपत्र में फोटो एवं निवास प्रमाण पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में आवेदन प्रस्तुत करते है। शासन द्वारा इसके तहत प्रतिवर्ष 20 हजार हितग्राहियों को यात्रा कराए जाने की योजना है। प्रत्येक यात्रा के लिए जिलेवार यात्रियों की कोटा निर्धारित की गई है।

नाली तो बना दी पर तराई नहीं हो रही

सुकमा, 25 फरवरी। कुम्हाररास में नाली का निर्माण हो रहा है पर पानी की तराई नहीं हो रही है। इन्जीनियर नगर पालिका परिषद से शिकायत करने पर भी पानी की व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे नाली गुणवत्ता पर विपरीत असर पड़ेगा। कई बार ठेकेदार से कहा भी पर आज तक तराई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बताया है कि इसकी शिकायत कलेक्टर से करेंगे। इन्जीनियर एक बार भी देखने नहीं आया है कि नाली कैसी बन रही है।

महीने भर से खुले में पड़ा है हजारों क्विंटल धान

खाद्य अधिकारी व डीएमओ की लापरवाही के चलते अरनपुर केंद्र में असुरक्षित पड़ा है स्टॉक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 25 फरवरी। अन्नदाता किसानों की मेहनत से उपजाए गए धान को खरीदने में राज्य सरकार आम जनता के गाढ़े खून पसीने की कमाई से लिया गया टैक्स खर्च करती है, लेकिन अफसर इस धान को सुरक्षित करने में कितनी लापरवाही बरतते हैं, इसका अंदाजा दंतेवाड़ा जिले के अंतिम छोर पर स्थित अरनपुर के धान खरीदी केंद्र की स्थिति से लगाया जा सकता है। यहां 15 हजार क्विंटल धान 30 फरवरी तक खरीदा जा चुका है, लेकिन खरीदे गए धान के एक भी बोरे का उठाव केंद्र से नहीं हो सका है, जबकि धान खरीदी सीजन समाप्त हुए लगभग एक माह होने को हैं। खरीदा गए धान की मात्रा इतनी ज्यादा है कि धान खरीदी केंद्र के परिसर से लेकर बाजू वाले बालक आश्रम भवन तक धान के बोरे

100 मीटर की दूरी तक ठसाठस रखे हुए हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि धान के भंडारण के लिए तय मानकों की खुले तौर पर अनदेखी की गई है। नीचे भूसे की पर्याप्त बोरियां रखने की बजाय सीधे ही धान के ढेर रखे गए हैं। इन बोरों को नियमानुसार छल्ली लगाने की बजाय इधर-उधर फेंका गया है। जिससे अचानक बारिश होने की स्थिति में ढंक पाना भी संभव नहीं होगा। कैप कवर सिर्फ एक हिस्से के लिए ही ढंका जा सकता है। मौसम विभाग ने हाल ही में बस्तर में बारिश होने का अलर्ट भी जारी किया हुआ है, इसके बावजूद संबंधित अफसर नहीं जागे हैं।

न बफर स्टाक का ध्यान रखा न प्रशिक्षित हमालों को उपयोग किया

सबसे बड़ा सवाल यह है कि धान का उठाव नहीं होने की स्थिति में बफर स्टॉक से ज्यादा धान खरीदने पर रोक लगा दी जाती है। ताकि जगह होने पर ही और धान खरीदा जा सके। इस मामले में धान खरीदी के लिए जिम्मेदार जिला खाद्य अधिकारी व जिला विपणन अधिकारी की सबसे बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। दोनों ही अफसरों ने न तो बफर स्टॉक का ध्यान रखा और न ही भंडारण के लिए प्रशिक्षित हमालों के उपयोग की जरूरत समझी है।

दंतेवाड़ा में अधिवक्ता संशोधन विधेयक-25 का कड़ा विरोध

- अधिवक्ताओं ने किया न्यायालयीन कार्य का बहिष्कार
- न्यायालय से कलेक्ट्रेट तक किया मार्च
- कलेक्टर को सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन
- अधिवक्ताओं के अधिकारों का हनन करने की कोशिश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा, 25 फरवरी। अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक 2025 के विरोध में सोमवार को दंतेवाड़ा के अधिवक्ताओं ने जिला अधिवक्ता संघ के बैनर तले न्यायालयीन कार्य का बहिष्कार किया और न्यायालय परिसर से मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस विधेयक को सरकार द्वारा बार काउंसिल में सीधे-सीधे दखल का संकेत माना गया। अधिवक्ताओं ने कहा कि इस विधेयक का मसौदा तैयार करते समय राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर बार काउंसिल से चर्चा नहीं की गई।

अधिवक्ताओं ने आगे बताया कि अन्याय या अत्याचार होने पर किसी भी संगठन को शांति पूर्ण प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन इस विधेयक में अधिवक्ताओं के इस संवैधानिक अधिकार को छीना जा रहा है। अधिवक्ता के व्यवहार की जांच करने एक कमेटी बनायी जाएगी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट अथवा हाई कोर्ट के पूर्व जज या उनके द्वारा नामित व्यक्ति अध्यक्ष होंगे, यह भी अनुचित है। वर्तमान व्यवस्था में प्रजातांत्रिक तरीके से निर्वाचित बार काउंसिल के द्वारा मनोनीत कमेटी के द्वारा अधिवक्ता के व्यवहार की जांच की जाती है। इन आदेशों को किसी भी हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी जा सकती है। इसी तरह केन्द्र सरकार विदेशी लॉ फर्मों को भारत में वकालत करने के लिए अनुमति देने के नियम बना सकेगी। इससे देश के अधिवक्ताओं के हित प्रभावित होंगे। देश के न्यायालयों में विदेशी दखल बढ़ जाएगी। इससे कानून व्यवस्था भी प्रभावित होगी। अधिवक्ताओं ने बताया कि केन्द्र सरकार नये विधेयक के माध्यम से बार काउंसिल ऑफ इंडिया और राज्य के अधिवक्ता परिषदों की स्वायत्तता को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है।

पीएम किसान सम्मान निधि के 22 हजार करोड़ रुपए किए गए ट्रांसफर: शशिकांत द्विवेदी

- प्रधानमंत्री ने किसानों को दी बड़ी सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भागलपुर, 25 फरवरी। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करने पर प्रदेश के समस्त किसानों की तरफ से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने सोमवार को बिहार के भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी कर किसानों को बड़ी सौगात दी है।इस योजना के तहत देश के 9.8 करोड़ किसानों के खाते में 22000 करोड रुपए ट्रांसफर किए गए ।इससे निश्चित रूप से किसानों की समृद्धि और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी ।इस योजना से निःसंदेह छोटे और सीमांत किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। इससे न केवल उनकी आमदनी बढ़ रही है बल्कि वे खेती में आधुनिक संसाधनों का उपयोग भी कर रहे हैं। ज्ञातव्य हो कि इस योजना के तहत किसानों को हर-चार माह में 2000 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है जिससे सालाना कुल 6000 रुपए प्राप्त करते हैं। इससे किसानों को बीज, खाद और अन्य जरूरत को पूरा करने में मदद मिलती है। सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने बताया कि 18 वीं किश्त में 9.6 करोड़ किसानों को लाभ मिलता था जबकि 6 वर्ष पूरा होने पर 19वीं किस्त में किसानों की संख्या बढ़कर 9.8 करोड़ हो गई है ।इस प्रकार इस योजना का दायरा लगातार बढ़ रहा है ।श्री द्विवेदी ने बताया कि 19वीं किस्त जारी होने के साथ अब तक किसानों के खाते में 3.68 लाख करोड रुपए पहुंच चुका है । यह दुनिया की सबसे बड़ी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम बन चुकी है जिससे किसानों को खेतों के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने में मदद मिल रही है।

चुनाव आचार संहिता हटते ही दंतेवाड़ा मेन मार्केट पर चला प्रशासन का बुलडोजर

- मुख्य सडक के बीच से दोनों ओर 10-10 मीटर के दायरे में हुए अतिक्रमण को हटाया जा रहा
- भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच दनादन चला बुलडोजर
- सड़क के दोनों ओर पाथवे व नाली का चल रहा है निर्माण, नाली के उस पार भी 2 फीट तक जगह कराई जा रही खाली

दंतेवाडा 25 फरवरी। चनाव आचार संहिता के शिथिल होते ही प्रशासन नगर में विकास कार्य को गति देने तेजी से जूट गया है। दंतेवाड़ा मुख्य सड़क माकेट में आज सुबह सुबह पीडबल्यूडी व राजस्व अमला भारी पुलिस बल के साथ जब मेन मार्केट में पीला पंजा अर्थात बुलडोजर लेकर पहुंचे तो व्यापारियों को समझते देर नहीं लगी कि आज तोडफोड की कारवाई होने वाली है। बुलडोजर देखते ही ज्यादातर व्यापारियों ने नालियों के उपर से सामान हटाना शुरू कर दिया। ईधर सुबह 9 बजे से ही ताबडतोड़ प्रशासन का बुलडोजर फरसपाल चौक से गरजना शुरू हुआ जो घंटों तक कारवाई चलता रहा। इस बीच राजस्व अधिकारी, आरआई, पटवारियों ने मुख्य सड़क के बीच से दोनो ओर 10-10 मीटर के दायरे को चिहिन्त कर निशान लगाया जिसके बाद बुलडोजर ने अपना काम धड़धड़ शुरू कर दिया। अचानक से हुए बुलडोजर कारवाई से नगर के व्यापारी भी सहम गए उन्हें समझ ही नहीं आया कि अचानक से प्रशासन ने बिना कोई सूचना के इतनी बड़ी कारवाई को आखिर कैसे अंजाम देने पहुंच गए। प्रशासन के बुलडोजर कारवाई का सुबह कुछ व्यापारियों ने विरोध भी किया और इसे प्रशासनिक तानाशाही करार दिया और कारवाई को गैर संवैधानिक बताया वहीं दुसरी ओर मौके पर मौजूद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों को समझाया कि ये जो भी कारवाई हो रहा है पूरी तरह से सवैधानिक है एवं शासन के नियम तथा निर्देशानुरूप ही किया जा रहा है। अधिकारियों ने व्यापारियों से कहा कि यह प्रशासननिक कारवाई है लिहाजा कोई भी व्यापारी इस कार्य में व्यवधान उत्पन्न न करे बेहतर होगा कि आप सब लोग चिहिन्त दायरे से अपना अपना सामान तथा सीट पाइप इत्यादि खोलकर सुरक्षित रख लें जिससे कि आपका कोई नुकसान न होने पाए। प्रशासन का मंशा किसी भी व्यक्ति का कोई आर्थिक नुकसान करना नहीं है बल्कि नगर के विकास के लिए प्रतिबद्ध शासन अपना कार्य कर रही है।

बाल श्रम अपराध, कार्रवाई के लिए टीम गठित

कांकेर, 25 फरवरी। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग द्वारा बाल एवं किषोर श्रम के उन्नमुलन की दिषा में बचाव अभियान कार्यक्रम अनुसंधान और तथ्य-खोज अध्ययन आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर रहा है। इन्हीं प्रयासों को आगे बढ़ाते हुये 31 मार्च 2025 तक बाल श्रम (प्रतिशेध व विनियमन) अधिनियम 1986 बालक एवं कुमार श्रम (प्रतिशेध व विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संषोधित 2016 के भाग-2, धारा-2 उल्लेखित अनुसूची अनुसार घरेलु श्रमिकों अथवा नौकरषाह के रूप में बच्चों का नियोजित तथा कारखाना, होटल एवं ढाबा, रेस्टोरेंट,घरेलू कामगार, ईंट भट्टा एवं खपरेल, ऑटो मोबाईल वर्कषाप एवं गैरेज आदि में बच्चों के नियोजन का प्रतिबंधित करने कलेक्टर निलेष कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा बाल श्रम उन्मूलन का आयोजन हेतु जिला स्तरीय दल गठित कर जिले के विभिन्न संस्थानों में बाल व किषोर श्रमिक निरिक्षण, परिक्षण किया जा रहा है।

शराब दुकानों की आबकारी और प्रशासन की टीम ने की जांच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 25 फरवरी। जिले के शराब दुकानों में ओवर रेटिंग की मिल रही शिकायत के बाद कलेक्टर हरिस एस के निर्देश पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल ने जिले के शराब दुकानों की गोपनीय जांच की। जांच में सभी दुकानों में निर्धारित व प्रिंट रेट में ही शराब बेचे जाना पाया गया। इसके अलावा सीसीटीवी फुटेज में भी शासन द्वारा निर्धारित मात्रा में ही विक्रय करना पाया गया। जांच उपरांत टीम ने कलेक्टर को जांच रिपोर्ट सौप दी है। जानकारी के मुताबिक शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के शराब दुकानों में ओवर रेट में शराब बेचे जाने की शिकायत लगातार मिल रही थी। शिकायत को देखते हुए कलेक्टर हरीश एस ने शिकायतों की जांच के लिए अपर कलेक्टर सीपी बघेल के नेतृत्व में जांच के लिए टीम बनाई थी। टीम द्वारा गोपनीय तरीके से जिले के शराब दुकानों में ग्राहकों को भेजकर शराब क्रय किया गया लेकिन सभी दुकानों में निधर्धारित व प्रिंट रेट में ही शराब बेचा जा रहा था। सोमवार को अपर कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा शराब दुकानों की जांच किया गया। कार्यवाही में मदिरा दुकान में निर्धारित दर से अधिक दर पर मदिरा विक्रय की पुष्टि नहीं हुई शराब खरीदने गए हुए ग्राहकों से अधिक दर लिए जाने के संबंध में पूछताछ करने पर ग्राहकों द्वारा निर्धारित प्रिंट रेट पर ही मदिरा खरीदा जाना बताया गया। टीम द्वारा दुकानों में जाकर अनियमितता के संबंध में जांच की गई जांच में सभी मदिरा दुकानों में विक्रय दर प्रदर्शित होना पाया गया। वहीं सभी दुकानों में टोलफ्री नंबर 14405 प्रदर्शित होना भी पाया गया। दुकान के समस्त कर्मचारी निधर्धारित यूनीफार्म में पाए गए। टीम द्वारा संग्रहित मदिरा स्कन्ध में से रैण्डम आधार पर बोतलों की जांच की गई जिसमें सभी बोतलों में सुरक्षा होलोग्राम स्टीकर, वैच नंबर तथा एमआरपी प्रदर्शित होना पाया तथा किसी भी प्रकार की अवैध मदिरा नहीं पायी गयी और न ही किस्से भी प्रकार की मिलावट के सबूत नहीं मिलें। मंदिरा दुकानों में सीसीटीवी फुटेज जांच करने पर विक्रेताओ द्वारा शासन से निधारित मात्रा में मदिरा विक्रय कर विक्रय की गई मदिरा का बिल दिया जाना पाया गया।

समाचार संक्षेप

कांग्रेस की रीति-नीति से प्रभावित होकर लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन

जगदलपुर, 25 फरवरी। आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस सरकार की रीतिनीति व छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जी की कार्यशैली से प्रभावित होकर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के समक्ष दर्जनों लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा, इस दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कांग्रेसी गमछा पहनाकर विधिवत कांग्रेस प्रवेश कराया। कांग्रेस प्रवेश करने वालों में शोभा गण्डोत्रा, गुरमीत कौर, कलसी, रजिन्दर कौर,अनुशा दया, मुनमुन कश्यप, जिया ख़ान, रंजिता नायर, रेहाना बेगम, सुनीता हान, सोसन वृन्दा गुण्डे सहित अन्य लोगों ने कांग्रेस प्रवेश किया। इस अवसर पर महामंत्री ज़ाहिद हुसैन, सुषमा सुता, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, कोषाध्यक्ष असीम सुता, उपाध्यक्ष नीला सुक्रिया, ललिता राव आदि मौजूद रहे।

नव उद्यमियों को वितरित किया गया 45 लाख का ऋण

दंतेवाड़ा, 25 फरवरी। विगत दिवस जिला प्रशासन, दंतेवाड़ा के तहत संचालित यूथ हब और बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त प्रयास से नए स्टार्टअप और नव उद्यमियों को 45 लाख का ऋण वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि ऋण वितरण की यह पहल युवा उद्यमियों को प्रशिक्षण, ''इनक्यूबेशन'' और वित्तीय सहायता प्रदान करके दंतेवाड़ा जिले में आत्मनिर्भरता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। जिला कार्यालय में आयोजित इस ऋण वितरण कार्यक्रम में कलेक्टर, मयंक चतुर्वेदी, ने युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य दंतेवाड़ा के युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है ताकि उन्हें आजीविका के लिए अन्य शहरों की ओर पलायन न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर स्तर पर युवाओं और नए उद्यमियों को सहयोग कर रहा है ताकि वे अपने ही जिले में रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकें। जिला पंचायत, सीईओ, जयंत नाहटा ने इस मौके पर कहा कि प्रशासन युवाओं को सिर्फ वित्तीय सहायता ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक प्रशिक्षण, बाजार से जोड़ने और तकनीकी सहायता भी प्रदान कर रहा है ताकि वे अपने व्यवसाय को सफलतापूर्वक संचालित कर सकें। शाखा प्रमुख, बैंक ऑफ बड़ौदा पूरन लाल साहू ने इस मौके पर बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और लक्ष्य अनुरूप हमेशा स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहित करेगा ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 2 मार्च को

सुकमा, 25 फरवरी। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार बालिकाओं और महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने एवं महिला खेल के प्रति वातावरण तैयार करने हेतु जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर महिला खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन किया जाएगा। महिला खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25 के अंतर्गत जिला-सुकमा के तीनों विकासखण्ड सुकमा, कोटा और छिंदगढ़ में 02 मार्च 2025 को विकासखण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 08 मार्च को जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। खेलकूद प्रतियोगिता के अतर्गत एथलेटिक्स बालीबाल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन फुटबॉल (हॉकी केवल छिंदगढ़) में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता के विकासखण्ड स्तरीय आयोजन को व्यापक व सफलतापूर्वक आयोजित किये जाने हेतु कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा तीनों विकासखण्ड के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा प्रतिभाशाली व इच्छुक महिला व बालिका खिलाडियों से अपील किया गया है कि खेल प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में भाग ले कर आयोजन को सफल बनायें।

कलेक्टर ध्रुव ने छिंदगढ़ विकासखंड के दफ्तरों का किया औचक निरीक्षण

सुकमा, 25 फरवरी। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने सोमवार को छिंदगढ़ विकासखंड के अंतर्गत विभिन्न शासकीय संस्थानों का औचक

निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री ध्रुव सबसे पहले रोकेल पंचायत पहुंचे। वहां उन्होंने डीएवी स्कूल और पोटाकेबिन आश्रम का निरीक्षण किया और बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात वे कुकानार पंचायत में स्थित आत्मानंद स्कूल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया। स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त दवाओं को उपलब्धता और ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को लगातार फील्ड भ्रमण करने और स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात वे पंचायत में पीएम आवास योजना के तहत बने नवीन आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर उन्हें जल्दी से निर्माण कार्य पूर्ण करने की अपील की। इसी तरह से कलेक्टर ध्रुव ने स्वामी आत्मानंद बालिका स्कूल तोंगपाल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तोंगपाल, अतिरिक्त कक्ष निर्माण और बालक हायर सेकेंडरी स्कूल तोंगपाल का औचक निरीक्षण किया।

सुकमा जिले के 21,537 किसानों के खाते में पहुंचे 6.78 करोड़ रुपए

सुकमा, 25 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24 फरवरी, 2025 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19 वीं किस्त की राशि बिहार के भागलपुर से 24 फरवरी को ऑनलाइन जारी की। इससे जिले के 21.537 हजार किसानों के खाते में 6.78 करोड रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की गई है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग सुकमा के सयुंक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष धरम नाग तथा जिले के तीनों विकास खण्डों से करीब 110 किसान मित्र उपस्थित थे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के साथ ही राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं एवं कृषि विज्ञान केन्द्र से नई-नई तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उप संचालक कृषि पी.आर. बघेल ने पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए किसानों को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी, साथ ही कृषि विभाग द्वारा प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से एग्री स्टेक वेब पोर्टल में कृषकों का पंजीयन किया गया। पंजीयन हेतु स्टाल लगाकर प्रचार-प्रसार किया गया।

एक नजर

नवनिर्वाचित भाजपा पार्षदों के साथ विधायक ने की बैठक, विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

महासमुंद, 25 फरवरी। नगरीय निकाय महासमुंद चुनाव में पार्षद पद पर निर्वाचित हुए भाजपा पार्षदों से रविवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। विधायक सिन्हा ने अलग-अलग वार्ड के पार्षदों से उनके क्षेत्र के संबंध आवश्यकताएं और नगर विकास के लिए आगामी समय में किए जाने वाले कार्यों के संबंध में भी आवश्यक चर्चा की। पार्षदों ने भी विधायक के सामने अपने विचार रखें। इस दौरान भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नवनिर्वाचित भाजपा पार्षदगण देवीचंद राठी, हरवंश सिंह (नानू भाई), पवन पटेल, भाऊराम साहू, शुभ्रा शर्मा, माखन पटेल, चंद्रशेखर बेलदार, पीयूष साहू, माधुरी यदु, भारती चंद्राकर, सुनैना ठाकुर, सीता डोंडेकर, धनेश्वरी सोनवानी, कल्पना सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

बागबाहरा और पिथौरा जनपद के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को प्रदान किए गए प्रमाणपत्र

महासमुंद,25 फरवरी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी एस आलोक ने 24 फरवरी को जिला पंचायत सभाकक्ष में बागबाहरा और पिथौरा जनपद पंचायत के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को विधिवत प्रमाण पत्र प्रदान किए।बागबाहरा और पिथौरा जनपद पंचायत में 20 फरवरी को दूसरे चरण का मतदान संपन्न हुआ था, जिसके बाद मतगणना की प्रक्रिया पूरी की गई। 23 फरवरी को सारणीकरण कर विजयी प्रत्याशियों की आधिकारिक घोषणा की गई। इस प्रक्रिया के अंतर्गत नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिसमे क्षेत्र क्रमांक 05 से रवि साहू फरोदिया, क्षेत्र क्रमांक 06 से भीखम सिंह ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक 07 से करण सिंह दीवान, क्षेत्र क्रमांक 08 से रामदुलारी सीताराम सिन्हा, क्षेत्र क्रमांक 09 से जगमोती दीनदयाल भोई और क्षेत्र क्रमांक 10 से सीमा लोकेश नायक शामिल है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी आशीष कर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी, विजयी अभ्यर्थी एवं उनके अभिकर्ता उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि महासमुंद जनपद पंचायत के जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1, 2, 3 और 4 के लिए 23 फरवरी 2025 को मतदान संपन्न हुआ। इन क्षेत्रों का सारणीकरण 25 फरवरी 2025 को किया जाएगा। परिणाम की घोषणा के दौरान संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थी व निर्वाचन अभिकर्ता उपस्थित रहेंगे। महासमुंद जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र के परिणाम 25 फरवरी को घोषित होंगे।

तीसरे चरण के मतदान के पश्चात 88.28 रहा कुल मतदान प्रतिशत

रायगढ़, 25 फरवरी। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 अंतर्गत विकासखंड तमनार, घरघोड़ा एवं लैलूंगा में तीसरे एवं अंतिम चरण का निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। मतदान समाप्ति के पश्चात कुल 88.28 मतदान प्रतिशत रहा। कुल 1 लाख 92 हजार 492 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें पुरूष-95 हजार 27 तथा महिला-97 हजार 465 मतदाता शामिल थे। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड तमनार में 63 हजार 790 मतदाताओं ने मतदान किया, जिसमें पुरुष मतदाता-31 हजार 855 एवं महिला मतदाता- 31 हजार 935 शामिल थे। जिसका मतदान प्रतिशत 90.19 रहा। इसी तरह विकासखण्ड घरघोड़ा में 47 हजार 288 मतदाताओं ने मतदान किया।

पंचायत के प्रथम सम्मिलन एवं उपसरपंच के निर्वाचन के लिए समय सारणी जारी

महासमुंद 25 फरवरी । ग्राम पंचायतों के सामान्य निर्वाचन पूर्ण होने उपरांत छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 19 के अंतर्गत निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन विहित अधिकारी द्वारा किया जाएगा तथा अधिनियम की धारा 20 अंतर्गत ग्राम पंचायतों के प्रथम सम्मिलन आयोजित करने समय सारणी जारी किया गया है। जिसके अनुसार ग्राम पंचायत के निर्वाचित सरपंच/पंचों के निर्वाचन की अधिसूचना प्रकाशित करने की अंतिम तिथि (अधिनियम की धारा 19 के अनुसार) एवं पंचायत के समस्त पंचों / सरपंच को पंचायत के प्रथम सम्मिलन (विशेष) के लिये सूचना जारी करने की अंतिम तिथि 27 फरवरी 2025 निर्धारित किया गया है। ग्राम पंचायत का प्रथम सम्मिलन (विशेष) आयोजित किये जाने की नियत तिथि एवं ग्राम पंचायत के उपसरपंच के निर्वाचन हेतु पंचों को सूचना जारी करने की अंतिम तिथि 03 मार्च 2025 है।

3 वार्डों के लोगों ने दी जीत की बधाई

वार्डों में समस्या जानने पहुंचे नपा अध्यक्ष का लोगों ने किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

महासमुंद,25 फरवरी। नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू रविवार को नयापारा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 04, 05 व 06 में वार्डवासियों से मिलने पहुंचे। वहां श्री साहू ने लोगों की समस्याएं सुनी तथा वार्ड की जो भी समस्याएं हैं, उसका समाधान करने व उनके अनुसार कार्य कराए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर तीनों वार्डों के लोगों ने श्री साहू को ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी तथा फुल माला व बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया। तीनों वार्डों के मुख्य चौक-चौराहे में श्री साहू ने जनसभा को संबोधित कर पालिका चुनाव में मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

वार्ड क्रमांक 04 डेवार डेरा के निवासियों ने मुहल्ले में व्याप्त अनेक समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। साथ ही नाली, सड़क, पेयजल आदि के लिए स्थायी व्यवस्था करने की मांग की। जिस पर पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने शीघ्र सभी मांगों का पूरा करने की बात कही। इसी तरह वार्ड क्रमांक 5 व 6 के लोगों ने भी उन्हें अनेक समस्याएं तथा वार्ड की जरूरतों से अवगत कराया तथा आगामी गर्मी सीजन में पेयजल की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जिस पर श्री साहू ने कहा कि गर्मी सीजन में पेयजल की कोई समस्या नहीं होगी। वार्डवासियों को जरूरत के अनुसार पर्याप्त पानी मिलेगा। वार्डवासियों और भी मांगें श्री साहू के समक्ष रखी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वार्ड 5 के पार्षद जितेंद्र ध्रुव, वार्ड 17 के पार्षद नीरज चंद्राकर सहित सैकड़ों की संख्या में वार्डवासी गण उपस्थित रहे।

नापतौल विभाग की निरीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 25 फरवरी। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने तापतौल में गड़बड़ी को लेकर पेट्रोल पंप संचालक से 18 हजार रिश्वत की मांग करने वाली तापतौल विभाग की निरीक्षक कुण् ओलिभा किस्पोट्टा को रंगे हाथ पकड़ा है। आरोपिया के खिलाफ एसीबी के भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा के एक पेट्रोल पंप संचालक के द्वारा एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर में यह शिकायत की गई थी कि उसके पेट्रोल पंप में नोजल स्टैंपिंग का कार्य करने के एवज में रायगढ़ में पदस्थ नापतौल निरीक्षक ओलिभा किस्पोट्टा के द्वारा 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत का सत्यापन कराए जाने के दौरान आरोपिया द्वारा 10 हजार रुपए प्रार्थी से प्राप्त कर लिया गया तथा शेष 8 हजार रुपए लेने हेतु सहमति दी गई जिसके आधार पर कार्यवाही की योजना बनाई जाकर एसीबी बिलासपुर की टीम द्वारा आज आरोपिया ओलिभा किस्पोट्टा को रिश्वती रकम 8 हजार देने हेतु प्रार्थी को रिश्वती रकम सहित भेजा गया था जो प्रार्थी द्वारा आरोपिया को रायगढ़ स्थित नापतौल विभाग के कार्यालय में रिश्वत रकम देने पर पहले से घेराबंदी में लगी हुई एसीबी बिलासपुर की टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपिया के खिलाफ एसीबी के द्वारा धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।एसीबी की रायगढ़ जिले में लगातार धमक और लगातार कार्यवाही से भ्रष्टाचार से पीड़ित लोग राहत महसूस कर रहे हैं। आज की कार्यवाही में भी एसीबी की कार्यवाही की लोगों ने मुक्त कंठ से सराहना की।

भाजपा ने धनबल और सरकार की धौंस दिखाकर परिणाम को अपने पक्ष में किया: विक्रम मंडावी

बीजापुर,25 फरवरी(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हम जनादेश का सम्मान करते है। और जनता से मिले समर्थन और सम्मान का हृदय से आभार प्रकट करते है। विधायक विक्रम मंडावी ने अपने विज्ञप्ति में आगे कहा कि जिस तरह से भाजपा ने चुनाव जीतने के लिये धनबल और सरकार का धौंस दिखाया है हम उसकी निंदा करते है। लोकतंत्र के स्वास्थ्य परंपरा के लिये धनबल और सरकार का धौंस ठीक नही है, लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है जनता का निर्णय ही अंतिम होता है। हम मजबूत विपक्ष की जिम्मेदारी मजबूती से निभायेंगे आने वाले समय में जनता की मांगों को मजबूती से उठाएंगे और जनता के सामने भाजपा के झूठ को बेनकाब करेंगे।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव:रायगढ़ में भाजपा का दबदबा

जिला पंचायत की 18 में से 16 सीटों पर जीत, कांग्रेस को मिली 2 सीट, निर्विरोध चुने जाएंगे अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 25 फरवरी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के आखिरी चरण के नतीजे आ गए हैं। पहले दो चरणों में बीजेपी ने 11 सीटें जीती थीं। अब तीसरे चरण में उसने 5 में से 5 सीटें जीत ली हैं। रायगढ़ जिला पंचायत सदस्य की 18 में से 16 सीटों पर बीजेपी समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है।

दरअसल तमनार लैलूंगा और घरघोड़ा ब्लॉक में चुनाव था। तीन विकासखंडों के 175 ग्राम पंचायतों में मतदान हुआ। इसके लिए कुल 435 मतदान केंद्र बनाए गए थे।घरघोड़ा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक.10 में भाजपा समर्थित प्रत्याशी मुरली राठिया ने अपने निकटतम प्रतिद्धंदी उमाशंकर राठिया को 12 हजार 129 मतों से पराजीत किया। जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक.11 तमनार से भाजपा के रमेश बेहरा ने अपने निकटतम प्रतिद्धंदी सुरेंद्र सिदार को 6 हजार 373 मतों से पराजीत कर जीत हासिल की। वहीं जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक.12 रोड़ोपाली से बंशीधर चौधरी ने अपने निकटतम प्रतिद्धंदी को 7 हजार 7 मतों से हराया। वहीं क्षेत्र क्रमांक.13 राजपुर से शांता रवि भगत ने करीब 8 हजार मतों जीत हासिल की है और क्षेत्र क्रमांक 14 मुकेडेगा से दीपक सिदार ने 9 हजार 573 मतों से जीत गए हैं।

निर्विरोध चुने जाएंगे अध्यक्ष

भाजपा जिलाध्यक्ष अरूणधर दिवान ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीनों चरणों के चुनाव में भाजपा ने 16 सीट जीते हैं। प्रदेश सरकार के एक साल के कार्यकाल को देखते हुए जनता ने विश्वास जताया है।

वृंदावन स्कूल में 10 वीं के छात्रों का धूमधाम से दी गई विदाई

महासमुंद, 25 फरवरी। स्थानीय वृंदावन विद्यालय में विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। यह विदाई समारोह कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 10वीं के छात्र -छात्राओं के लिए आयोजित किया। मंच संचालन पूर्वी चंद्राकर, भूमि, मौली प्रियांशी ने किया। विद्यालय के संचालक एमआर विश्वनाथन एवं डायरेक्टर सुजाता विश्वनाथन, विद्यालय की समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का वेलकम पुष्प एवं गुलाल से किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत मां शारदा की पूजन कर की गई।उद्बोधन की कड़ी में एमआर विश्वनाथन ने महत्वपूर्ण जीवन की सीख देते हुए कहते है कि जीवन में पांच चीजों का होना बहुत आवश्यक हैं- अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण, अनुशासन, दृढ़ संकल्प, परिश्रम एवं ध्यान भटकाने के बारे में बहुत विस्तार से बताया। विद्यालय की संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने छात्रों को समय का सदुपयोग और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किए। विद्यालय की उपप्राचार्य इंदु मिश्रा ने जीवन में आने वाली कठिनाइयों में डट कर मुकाबला करते हुए जीवन में अविरल आगे बढ़ते रहने की सीख दी। यह कार्यक्रम संध्या सोनी और चंदना सोनी के तत्वावधान में किया। कार्यक्रम में वर्षा चंद्राकर का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंतिम में मिस फेयरवेल इंदू साहू और मिस्टर फेयरवेल समीर साहू रहें। कार्यक्रम के अंत में अभार प्रदर्शन मिथिलेश कागजी ने किया।कार्यक्रम में अमृता चंद्राकर, उर्मिला अग्निहोत्री, रेखा साहू, जागृती साहू, संध्या सोना, दामिनी वैष्णव, सुषमा साहू, चंदना सोनी, नीरू मांझी, सुमन साहू, यशवंत घृतलहरे, प्रवीण साहू, रिंकी कुर्रे, वर्षा चंद्राकर, एम रजनी, साधना राठौर, भूमिका वर्मा, मोनिषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नंदिनी साहू, अंशु यादव, हीरा साहू, स्वाति ठाकुर, एकता राठी, लक्ष्मी नारायण साहू एवं कमलेश नागवंशी का योगदान रहा।

जनपद पंचायत का प्रथम सम्मेलन 7 मार्च एवं जिला पंचायत का 10 मार्च को

महासमुंद 25 फरवरी। जनपद व जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन सम्पन्न होने के उपरांत छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 25 के अंतर्गत जनपद पंचायत एवं धारा 32 के तहत जिला पंचायत के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया कराया जाएगा। जिसके निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन तथा प्रथम सम्मिलन आयोजित करने समय सारणी जारी किया गया है। जिसके अनुसार जनपद पंचायत सदस्यों के निर्वाचन की प्रकाशन की अधिसूचना 27 फरवरी 2025 को जारी की जाएगी, इसी तिथि को ही जनपद पंचायत के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु निर्वाचित सदस्यों को सूचना जारी की जाएगी। जनपद पंचायत के तिथि 04 मार्च 2025 निर्धारित किया गया है।

222 बटालियन बच्चों को शिक्षा से जोड़ने सहित बीमार ग्रामीणों का निशुल्क उपचार भी कर रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर,25 फरवरी । सिविक एक्शन कार्यक्रम के श्रृंखला में 222 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा श्री राकेश अग्रवाल, भा.पु.से, महानिरीक्षक, छत्तीसगढ़ सेक्टर सीआरपीएफ और श्री देवेन्द्र सिंह, उपमहानिरीक्षक, बीजापुर रेन्ज सीआरपीएफ के कुशल मार्गदर्शन और श्री विजेंद्र सिंह, कमाण्डेन्ट् 222 बटालियन के सीधे प्रवेक्षण में, सिविक एक्शन कार्यक्रम और मेडिकल कैंप का आयोजन 23/02/2025 को ष्ट/222 समवाय गंगालूर में और 24/02/2025 को /222 समवाय पालनार (एफओबी) में किया गया। इस कार्यक्रम में 222 बटालियन के श्री कुमार ओमप्रकाश सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, श्री अनंत कृष्णन जे. वरिष्ठ चिकित्साधिकारी, श्री ललित किशोर उप कमाण्डेन्ट्, श्री विकास मारुति सहायक कमाण्डेन्ट् और 202 कोबरा के अधिकारियों और जवानों ने भाग लिया। सिविक एक्शन कार्यक्रम एवं मेडिकल कैंप में लगभग 600 लोगों ने लाभ प्राप्त किया। सिविक एक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत भारी मात्रा में कंबल, सौर लालटेन, पानी के टैंक (200 लीटर क्षमता), साड़ी, लुंगी, स्कूल यूनिफॉर्म, गमछा, चप्पल, कृषि सामग्री-कुदाल, कुल्हाड़ी, बर्तन-डेगचा/पटीला/भगोना (प्रत्येक 5 लीटर क्षमता), स्टील थाली, ग्लास, क्रिकेट किट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, स्कूल बैग, बच्चों को किताबें और स्टेशनरी सामान आदि वितरित किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों के लोग, जिसमे पेद्दापारा, दीवानपारा, कोटियापारा, बंदरीपारा, गागरपारा, दुवालीपारा, बुर्जी, नेनपाल, मजारपारा, पालनार, गायतापारा, तुंगलवेया, पुनेमपारा, मोदीपारा, मातापारा, गुडापारा और पटेलपारा के लोग शामिल हुए। उपरोक्त कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और इसके लिए ग्रामीण बहुत आभारी थे। उन्हें भारत सरकार की विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के बारे में संक्षेप में बताया गया जो स्थानीय लोगों के लिए फायदेमंद हैं। इसके अलावा, श्री विजेंद्र सिंह, कमाण्डेन्ट् 222 बटालियन ने ग्रामीणों मुख्यतः युवाओं को नक्सलवाद का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया और उन्हें अपने समाज, गांव तथा क्षेत्र के विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आह्वाहन किया। ग्रामीणों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए भी प्रोत्साहित किया, ताकि उनका जीवन और करियर उज्वल बन सके। कार्यक्रम के दौरान सभी ग्रामीणों को भोजन, चाय और नाश्ता दिया गया। साथ ही भविष्य में किसी भी महती आवश्यकता के लिए उन्हें सीधे संपर्क करने का अनुरोध भी किया गया। उत्साहित होकर ग्रामीणों ने भारत माता की जय घोष भी किया।

पूर्व मंत्री महेश गागड़ा के अथक प्रयास से भाजपामय हुआ बीजापुर: गोपाल सिंह पवार

बीजापुर,25 फरवरी(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर पालिका और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा जी के नेतृत्व व रणनीति से भाजपा ने बीजापुर जिले में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की, जिससे पूरा क्षेत्र भाजपामय हो गया है।भाजपा जिला महामंत्री गोपाल सिंह पवार ने इस ऐतिहासिक जीत पर कहा कि महेश गागड़ा जी की कड़ी मेहनत, जिलाध्यक्ष घासीराम नाग, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार, बस्तर प्रभारी जी वेंकट सहित संगठन की सुदृढ़ रणनीति और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है कि बीजापुर जिले में भाजपा का परचम लहराया है। जनता ने एक बार फिर भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों में विश्वास जताया है।नगर पालिका चुनावों से लेकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों तक भाजपा के सभी प्रत्याशियों की जीत ने यह साबित कर दिया कि क्षेत्र में पार्टी की पकड़ मजबूत है। महेश गागड़ा ने इस विजय के लिए सभी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि भाजपा क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेगी।इस जीत से भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह है, और पूरे जिले में जश्न का माहौल है।

हमने बनाया है,हम ही सवारेंगे नारे की तर्ज पर बीजापुर जिले का पुन: विकास होगा: बिलाल खान

भोपाल पटनम,25 फरवरी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा जी के नेतृत्व व रणनीति से भाजपा ने भोपाल पटनम ही नहीं पूरे जिले में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की, जिससे पूरा क्षेत्र भाजपामय हो गया है।भाजपा जिला महामंत्री बिलाल खान ने इस ऐतिहासिक जीत पर कहा कि दिग्गज नेता महेश गागड़ा जी की कड़ी मेहनत, जिलाध्यक्ष घासीराम नाग, पूर्व जिलाध्यक्ष,श्रीनिवास मुदलियार, बस्तर प्रभारी जी वेंकट सहित संगठन की सुदृढ़ रणनीति और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है कि बीजापुर जिले में भाजपा का परचम लहराया है। जनता ने एक बार फिर भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों में विश्वास जताया है की त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों तक भाजपा के सभी प्रत्याशियों की जीत ने यह साबित कर दिया कि क्षेत्र में पार्टी की पकड़ मजबूत है। महेश गागड़ा ने इस विजय के लिए सभी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है और कहा कि भाजपा क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेगी।इस जीत से भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह है, और पूरे जिले में जश्न का माहौल है।

नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में बंपर वोटों से जीत पर देवतुल्य जनता का आभार :घांसीराम नाग

बीजापुर,25 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में सम्पन्न हुए नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बंपर जीत पर भाजपा जिलाध्यक्ष घांसीराम नाग ने प्रेसवार्ता कर आम मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है । प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष घासीराम नाग ने कहा कि यह बीजापुर की जनता की जीत है । नगरी निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत , जनपदों और सरपंच,पंच के पदों में भाजपा समर्पित प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। जिस तरीके से जो परिणाम निकलकर सामने आया है, यह हमारी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी और विष्णु देव की सरकार की दूरगामी सोच और जनता के हित में जो योजनाओं चल रही है उसका परिणाम है।

हमने बनाया है,हम ही सवारेंगेके तर्ज पर होगा बीजापुर में काम -प्रदेश में हमारी विष्णुदेव जी की सरकार बने करीबन एक साल का समय हुआ है, इस एक साल लगभग जितने वादे किए थे उन सब को पूरा करने का काम हमारी विष्णुदेव की सरकार ने किया है। और इससे आप समझ सकते हैं ,कि इससे स्पष्ट होता है, पिछले पाँच साल जनता कॉंग्रेस से कितनी परेशान और त्रस्त थी। मैं पूरी संगठन और पार्टी के तरफ से सभी बीजापुर जिले के देवतुल्य जनता का हृदय पूर्वक धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूं। जिस प्रकार हमने चुनावी नारा दिया था ÷हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे÷। इसी तर्ज पर मैं पूरे बीजापुर की जनता को मैं संगठन के तरफ से आश्वस्त करना चाहता हूं,कि जितने भी सरकार की योजनाएं और कार्य है,उनको हम गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे। यह हमारा लक्ष्य हैं। इस दौरान एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष जिला राम राना व सुंदर पुजारी उपस्थित रहें।

जेल में बंदियों ने किया गंगा जल से स्नान

दुर्ग,25 फरवरी। केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध महिला एवं पुरुष बंदियों के लिए आज गंगा जल स्नान का आयोजन जेल प्रशासन की ओर से किया गया। इस वजह से जेल का माहौल आज प्रयागराज महाकुंभ की तरह भक्तिमय बना रहा। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर प्रयागराज त्रिवेणी संगम से गंगाजल लाया गया। इस गंगाजल की पूजा अर्चना के बाद बंदियों को पुण्य स्नान का अवसर मिला प्रयागराज में महाकुंभ का माहौल भक्तिमय बना हुआ है देश - विदेश से श्रद्धालु गंगा में स्नान कर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। इसी बीच छत्तीसगढ़ सरकार ने उन बंदियों के लिए विशेष इंतजाम किया, जो महाकुंभ में शामिल नहीं हो सकते। केन्द्रीय जेल दुर्ग में अस्थायी घाट बनाकर त्रिवेणी संगम का जल लाया गया और कैदियों ने आस्था के साथ स्नान किया महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं का आना जारी है लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने एक अनूठी पहल करते हुए राज्य की सभी जेलों में बंद कैदियों के लिए पुण्य अर्जन का अवसर दिया। इसी तरह का आयोजन आज केन्द्रीय जेल दुर्ग में भी संपन्न हुआ राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से पवित्र गंगा जल मंगवाया गया। केंद्रीय जेल दुर्ग में विशेष आयोजन हुआ, जहां अस्थायी घाट बनाकर कैदियों को स्नान कराया गया बंदियों ने श्रद्धा के साथ इस आयोजन में भाग लिया और जेल प्रशासन व राज्य सरकार का आभार जताया दुर्ग जेल अधीक्षक मनीष संभाकर ने बताया कि जो बंदी महाकुंभ में नहीं जा सकते, उनके लिए यह धार्मिक आयोजन किया गया इस अनूठी पहल से जेल का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

भिलाई इस्पात संयत्र सीएसआर विभाग के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता

यूनियन बैंक मुम्बई ने रेलवे जबलपुर और राजहरा माइंस ने एसटीएफसी कश्मीर को हराया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दल्लीराजहरा, 25 फरवरी। भिलाई इस्पात संयत्र सीएसआर विभाग के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत पंडित जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल स्टेडियम में रविवार 23 फरवरी को (पूल बी) के तहत दो लीग मैच खेले गए जहां पहले मैच में यूनियन बैंक मुंबई ने रेल्वे जबलपुर को शुन्य (00)के मुकाबले चार (04) गोल पराजित किया और दूसरे लीग मैच में राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब ने एस.टी.एफसी. कश्मीर को (00) के मुकाबले (05)पांच गोल से करारी शिकस्त दी। दोनों ही मैचो में पराजित टीम कोई भी गोल नहीं कर सका।

इस तरह(पूल बी)के इस महत्वपूर्ण मैच पर दोनों ही विजय टीमों ने एक तरफा प्रदर्शन कर मैच अपने कब्जे में कर लिया 24 फरवरी दिन सोमवार को इस टूर्नामेंट के अंतर्गत (पूल ए) के के दो मैच खेले जाएंगे पहला मैच यूनाइटेड फुटबॉल क्लब केरला एवं बी.एन.आर.कोलकाता के मध्य खेला जाएगा वहीं दूसरा मैच सेंट्रल एक्साइज चेन्नई वर्सेस रब्बानी फुटबॉल क्लब नागपुर के मध्य खेला जाएगा।

23 फरवरी को खेले गए पहले मैच में यूनियनबैक मुंबई की टीम ने शुरुआत से ही जबलपुर की टीम पर भारी पड़ता दिखा मैच के दौरान मुंबई टीम के खिलाड़ियों ने आक्रामक फुटबॉल खेलते हुए बेहतर तालमेल एवं समझ-बूझ के साथ मैच खेला इसके परिणाम स्वरूप पहले हाफके 25 वे मिनट में खिलाड़ी नेस्टर जर्सी नंबर 23 ने पहला गोल किया मध्यांतर तक मुम्बई की टीम शुन्य के मुकाबले एक गोल से बढत बनाये रखा।

इसी तरह दुसरे हाथ में खेल के 49 मिनट में जर्सी नं.06 क्षितिज मैरल ने दूसरा गोल किया, रॉनी डिसिल्वा ने अपनी टीम के लिए खेल के 71वें मिनट में तीसरा गोल किया और आखिरी गोल खेल के 85 मिनट में जर्सी नंबर 14 जुबेर केसरी ने किया इस तरह मुंबई की टीम ने लगातार एक के बाद एक चार गोल कर जबलपुर की टीम को शुन्य के मुकाबले चार गोल से करारी शिकस्त दी पराजित टीम कोई गल नहीं कर सका।

वही (पूल बी) के अंतर्गत खेले गए दूसरे लीग मैच में राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब की टीम ने एस. टी.एफसी. कश्मीर की टीम पर एक तरफा दबाव बनाते हुए लगातार एक के बाद एक दनादन पांच गोल किए खेल के पहले हाफ में राजहरा माइंस के खिलाड़ी जर्सी नंबर 08 देशांतर कुमार ने खेल 25वें मिनट में पहला गोल किया मध्यांतर तक राजहरा माइंस की टीम शुन्य के मुकाबले एक गोल से बढ़त बनाए रखा।मध्यांतर के पश्चात दूसरे हाफमें खेलते हुए राजहरा माइंस के खिलाड़ियों ने शानदार फुटबॉल का प्रदर्शन करते हुए बेहतर सूझबूझ एवं तेजतर्रार फुटबॉल खेलते हुए चार गोल किए अपनी टीम के लिए दूसरा गोल इनमें जर्सी नंबर 18 अमित कुमार ने खेल के 58 मिनट मे दूसरा गोल किया तीसरा गोल जर्सी नंबर 3 सुरेश कुमार ने खेल के 79 मिनट में एवं जर्सी नंबर 17 भालेश कुमार ने 89 मिनट में चौथा गोल तथा आखिरी गोल जर्सी नंबर 10 गौरव कुमार ने खेल के 90 मिनट में आखिरी गोल कर अपनी टीम को 05 गोल से अजय बढ़त दिला दी। इस तरह राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब की टीम शुन्य के मुकाबले पांच गोल से कश्मीर को करारी शिकस्त दी।

पराजित टीम कोई भी गोल नहीं कर सका राजहरा माइंस के सामने कश्मीर की टीम बौना साबित हुई उनके खिलाड़ी थके हुए आओ मायूस दिखे। राजहरा माइंस के खिलाड़ियों ने विपक्षी टीम को चारो ओर छकाते हुए पटखनी दी। राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब को इस टुर्नामैन्ट में लगातार दुसरी बड़ी जीत मिला है।

ऑल इंडिया गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के आज के लीग मैच के दौरान उपस्थित अतिथियों का पुष्प कुछ भेंट कर हार्दिक स्वागत सम्मान किया गया कार्यक्रम में रतिराम कोसमा जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी विधायक प्रतिनिधि, अशोक बाम्बेश्वर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, रवि जायसवाल पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष, लखन लाल चौधरी महासचिव बीएएमएस, जे.पी नायर, प्रकाश शाह, मुकेश श्रीवास्तव संयोजक छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल संघ, सुभाष चौहान भिलाई, मोहम्मद जिलानी उस्ताद वरिष्ठ खिलाड़ी राजहरा माइंस, जनक लाल ठाकुर किसान मजदूर नेता एवं पूर्व विधायक, पुरुषोत्तम सिम्मैया अध्यक्ष सीटू यूनियन, ज्ञानेंद्र सिंह कार्यकारी अध्यक्ष सीटू युनियन, तिलक मानकर अध्यक्ष इंटक दल्ली राजहरा, सोमनाथ उइके, अध्यक्ष सीएमएसएस, अनिल यादव सचिव भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला सचिव, अर्जुन झा, वरिष्ठ पत्रकार, हेमंत कांडे भारती बौद्ध महासभा, विनोद मिश्रा मार्क्सवादी पार्टी इन सभी अतिथियों का राजहरा फुटबॉल क्लब की ओर से स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर राजहरा फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र बेहरा, संगठन सचिव गौतम बेहरा, उपाध्यक्ष मुकुल वर्मा, फाउंडर मेंबर्स अमृत सिंह, श्यामलाल, राजेश अग्निहोत्री, सचिव त्रिनाथ नायडू, राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब के कोच रविकांत नायडू, द्रोणकुमार, उमेश पटेल, मोहम्मद इरशाद अवधराम, श्याम पैकरा, सी. प्रफुल्ल कुमार, भरत रजवाड़े, रूपेश सिंह, विशाल प्रजापति, अजीत वैलम, मैच रैफरी रहे मैच कमिश्नर रूबी डेविड, ए.उदय कुमार, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित थे। पूरे मैच में कमेन्ट्री एंव संचालन भूषण निर्मलकर ने किया।

एक नजर

सहायक सूचना अधिकारी नितेश चक्रधारी को दी गई विदाई

बलौदाबाजार 25 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला जनसम्पर्क कार्यालय बलौदाबाजार में पदस्थ सहायक सूचना अधिकारी नितेश चक्रधारी का स्थानांतरण जनसम्पर्क संचालनालय रायपुर होने पर सोमवार को कार्यालय में विदाई दी गई। चक्रधारी को कार्यालय में अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा शाल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर साम्मानित किया गया। इसके साथ ही नये पदस्थापना स्थल पर उत्कृष्ट कार्य करने एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी गई। उल्लेखनीय है कि नितेश चक्रधारी, सहायक सूचना अधिकारी के पद पर जिला जनसम्पर्क कार्यालय बलौदाबाजार में वर्ष 2019 में पदस्थ हुए थे और अपने कर्तव्य का निर्वाहन किया। इस अवसर पर उप संचालक जनसम्पर्क डी.एस. सिदार, सहायक ग्रेड- 1 सुशीलचंद्र पैकरा, जिला समन्वयक सोशल मीडिया तोरण साहु, कम्प्यूटर ऑपरेटर उजेंद्र धृत लहरे, भृत्य राजू सिन्हा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

एसएमआईटीए सिटी लीग का होगा आयोजन

बलौदाबाजार 25 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत ASMITA (अस्मिता) सिटी लीग 01 से 03 मार्च तक विकासखंड कसडोल में खेलो इंडिया लघु केन्द्र में लीग प्रतियोगिता जिला स्तर में कराया जाना है। प्रतियोगिता में अण्डर-19 महिला वर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित होंगे जिसमें खेलो इंडिया लघु केन्द्र व विभागीय अकादमी के खिलाड़ियों एवं दल के साथ ही जिले मे सक्रिय संबंधित खेल संघ, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, स्कूल की टीम सम्मिलित हो सकते है। जिला कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण बलौदाबाजार में 27 फरवरी 2025 तक टीम का पंजीयन करा सकते है। उपरोक्त तिथि के उपरांत टीम का पंजीयन खेल अधिकारी, बलौदाबाजार के अनुमति उपरांत प्रतियोगिता के एक दिन पूर्व तक ही दिया जाएगा।प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी एवं पंजीयन हेतु देवेन्द्र सिंह अजमानी (सहा. ग्रेड-02) खेल एवं युवा कल्याण, बलौदाबाजार-भाटापारा मो. नं. 9827461266 से संपर्क कर या कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

बालिकाएं अंजान लोगों से दूर रहें, काम की बात पूछे, सुरक्षित स्थान में चले जाएं : मिथलेश सिन्हा

शासकीय कन्या उमावि की छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए दिया जा रहा है कराते का प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 25 फरवरी। शासन के द्वारा बच्चियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत 30 दिनों का सभी विद्यालय के छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए कराते का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी प्रशिक्षण के तहत नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं भी प्रशिक्षण ले रहे हैं। कराते मास्टर मिथलेश सिन्हा प्रतिदिन उन्हें आधे घंटे का प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस बीच मिथलेश सिन्हा द्वारा छात्राओं को

विषम परिस्थिति से बचने हेतु तीन प्रमुख टिप्स दिए गए जिसमें पहला टिप्स उन्हें अंजान व्यक्ति से पर्याप्त दूरी बनाकर रहना, दूसरी टिप्स अंजाम व्यक्ति से काम की बात पूछना तीसरी टिप्स काम की बात समझ ना आए तो सुरक्षित स्थान में चले जाना। इन सब टिप्स से छात्राएं विकट परिस्थित में नहीं आएंगी।

कराते के अभ्यास में सर्वप्रथम छात्राओं की शारीरिक क्षमता को बढ़ाने, मजबूती देने के लिए उन्हें वार्म अप, बॉडी स्ट्रेचिंग आदि का अभ्यास कराया जाता है। उसके बाद उन्हें अपर किक, लोवर किक, मिडिल किक, अपर अटैक, मिडिल अटैक, लोवर अटैक के साथ डिफेंस का भी पूरा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण जिला कराते संघ के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश पर दिया जा रहा है। जिले के कराते मास्टर ट्रेनर अश्वनी ध्रुव, गणेश आजाद, शीतल ध्रुव, लुकेश्वर साहू, दीपक ठाकुर, पोखन ठाकुर, लेमिन ध्रुव आदि प्रशिक्षक भी प्रशिक्षण में लगे हैं।

बाल पिन, जुड़ा पिन से भी स्वयं की करें रक्षा : इसके अतिरिक्त छात्राओं के पास मौजूद वस्तुओं से ही उन्हें आत्मरक्षा करना सिखाया जा रहा है। इसके तहत पेन, पेंसिल, बाल पे लगाने वाले जुड़ा पिन, सेफ्टी पिन क्लचर, क्लिप, दुपट्टा, अंगूठी, कड़ा, जोमेट्री बाक्स, बेल्ट आदि से विपरीत परिस्थितियों में अपनी आत्मरक्षा के प्रयोग के लिए बताया जा रहा है। बच्चियां बड़ी लगन से प्रशिक्षण का लाभ ले रही हैं। प्रशिक्षण में संस्था के प्राचार्य केके साहू, पीटीआई डोमेश्वर ध्रुव, रेखा प्रधान, सीमा सिंह, चंद्रवती सिन्हा, भूपत कन्नौजे, लारेंस महिलांगे, मोहन ध्रुव, चंद्रकला सेन, मधुबाला साहू, भूखन, उत्तम सहित पूरे स्टाफ का पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है।

सुरखी के चना फिल्टर मिल में हादसा, ग्रामीणों ने की मुआवजे की मांग

मशीन इंस्टालेशन के दौरान हुए हादसे में मजदूर की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 25 फरवरी। 24 फरवरी को सुरखी मे राज पंजवानी के चना फिल्टर मिल में नई मशीनों के इंस्टालेशन के दौरान भारी और वजनी चीज गिरने से वहां काम कर रहे एक मजदूर की मौत हो गई।

मृतक मजदूर ग्राम सुरखी का निवासी रवि ध्रुव बताया गया है मृतक को नाबालिग बताया जा रहा था किन्तु दस्तावेजों के आधार पर उसे 18 साल से उपर बालिग बताया जा रहा है आगे जांच के उपरांत ही इसकी पुष्टि होगी पुलिस के अनुसार मृतक रवि का मिल मे काम का पहला दिन था और उसके साथ यह हादसा हो गया।

घटना की जानकारी ग्रामीणजनों व परिजनों को मिलने के बाद सभी आक्रोशित मिल के पास पहुंचे और मुआवजे की मांग करने लगे। घटना के बाद मौके पर पहुंची ग्रामीण थाना पुलिस ने दोनो पक्षो से चर्चा कर मुवावजे के आश्वासन के बाद आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया ग्रामीण थाना टी.आई. लखेश केंवट ने बताया मिल मे हुई दुर्घटना की जांच हल पहलू पर की जा रही है केंवट ने बताया राज पंजवानी के चना फिल्टर मिल मे नई मशीनो का इंस्टालेशन (स्थापित, लगाये जाने) का काम कराया जा रहा था मशीनो को स्थापित करने के दौरान जिन चीजों का ध्यान रखा जाना था उसे रखा गया की नही इसकी जांच की जा रही कि मशीनों को लगाये जाने के दौरान वहां काम कर लोग प्रशिक्षित थे या नही इसके लिए मिल सेफ्टी आफिसर को सिलसिलेवार जानकारी दी गई है उनके द्वारा जांच द्वारा जांच किये जाने के बाद मामला स्पष्ट हो पायेगा टी.आई.लखेश केंवट ने बताया घटना के संबंध मे मिल मालिक से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया मिल के मशीनो का इंस्टालेशन ठेके पर करवा रहा है।फिलहाल मामले की सघन पडताल की जा रही है उसके पश्चात ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

समाचार संक्षेप

जिला, जनपद और नगरीय निकाय मे भाजपा को मिली बड़ी जीत, कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल

छुरा, 25 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। त्रिस्तरीय चुनाव मे गरियाबंद जिला मे नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के नेतृत्व मे बड़ी जीत मिली है, जिले के एक नगर पालिका व तीन नगर पंचायत मे शानदार जीत दर्ज करने के बाद जिला पंचायत चुनाव मे भी भाजपा को बड़ी जीत मिली है जिला पंचायत सदस्य के 11 सदस्य मे आठ सदस्य भाजपा के प्रत्याशी को जीत मिली है,जिला पंचायत मे आठ सदस्य कि जीत से यह साफ हो गया है कि गरियाबंद जिला पंचायत मे अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सभापति कि कुर्सी पर भाजपा से जीते हुए सदस्य का कब्जा रहेगा। त्रिस्तरीय चुनाव मे मिली बड़ी जीत से भाजपा नेताओं मे खुशी कि लहर है जिला भाजपा कार्यालय मे बधाई देने वालो का ताता लगा हुआ है जीत के बाद जोरदार आतिशबाजी के साथ जीते हुए कार्यकर्ताओ को बधाई दे रहे है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे जिले मे मिले भाजपा को इस ऐतिहासिक जीत पर नवनियुक्त गरियाबंद भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि यह जीत विश्वास भारतीय जनता पार्टी कि प्रति लोगो का भरोसा है साथ ही इस जीत का श्रेय भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ का जीत है जिन्होंने पूरी मेहनत से पार्टी द्वारा तय किये गये प्रत्याशी के लिये जी तोड़ मेहनत किया,भाजपा कि जीत पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने जिले के मतदाताओं का आभार माना है।

हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा की गोपनीय सामग्री का किया गया वितरण

बलौदाबाजार 25 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 की परीक्षा 01 मार्च से 28 मार्च 2025 तक आयोजित किया जाना है। जिले के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के गोपनीय सामग्री का थानावार, केन्द्रवार एवं विकासखण्डवार 24 फरवरी 2025 को समन्वय केन्द्र पंडित चक्रपाणी शुक्ल शासकीय बहुउद्देशीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार से वितरण किया गया। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी अरुण सोनकर नें बताया कि 24 फरवरी को विकासखण्ड बलौदाबाजार अंतर्गत परीक्षा केन्द्र 23, भाटापारा 20, पलारी 27 एवं सिमगा में 2 परीक्षा केन्द्र शासकीय उ.मा.वि.जरौद एवं शासकीय उ.मा.वि. रोहरा हेतु वितरण किया गया।इसी तरह 25 फरवरी को विकासखण्ड कसडोल अंतर्गत 30 एवं सिमगा के 20 परीक्षा केन्द्र हेतु गोपनीय सामग्री का वितरण किया जायेगा। गोपनीय सामग्रियों को समाबंधित थाने में कड़ी सुरक्षा में रखा जाएगा। इस दौरान डीईओ हिमांशु भारतीय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री आवासों को पूर्ण कराने के लिए हितग्राहियों को किया जा रहा प्रोत्साहित

बलौदाबाजार 25 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना में गति लाने हेतु घर- घर दस्तक अभियान शुरू किया गया है जिसके तहत प्रत्येक पंचायत में प्रोत्साहन दल का गठन किया गया है।जिले के प्रत्येक पंचायत में प्रोत्साहन दल एवं जिले से निरीक्षण दल की टीम द्वारा आवास हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दल में बिहान की सक्रिय महिला, रोजगार सहायक, आवास मित्र, ग्राम संगठन सहायिका शामिल है।स्वीकृत आवास को पूर्ण कराने के उद्देश्य से आवास बनाने में आ रही समस्याओं के बारे में हितग्राहियों से जानकारी ली जा रही है। सेंट्रिंग प्लेट की समस्या के कारण रुके हुए आवास में महिला समूहों द्वारा सेंट्रिंग प्लेट त्वरित क्रय कर हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जा रहा है।अब तक 218 महिला समूहों द्वारा सेंट्रिंग प्लेट आवासों में सप्लाई किया जा रहा है।राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाओं के द्वारा प्रत्येक आवास में प्रति दिन प्रोत्साहन दल के माध्यम से आवास हितग्राही से मिलकर उन्हें अपने आवास को पूर्ण कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।जिले से निरीक्षण दल द्वारा प्रोत्साहन दल के कार्यों को जमीनी स्तर में क्षेत्र भ्रमण कर जायजा लिया जा रहा है।

पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी

जिले के 134269 किसानों के खाते में 31.38 करोड़ का हस्तांतरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 25 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त की राशि का हस्तान्तरण बिहार के भागलपुर जिले से किसानों के बैंक खाते में सीधे डीबीटी के माध्यम से किया।बलौदाबाजार जिले में राज्य के सर्वाधिक 134269 पात्र किसानों को 31.38 करोड की राशि हस्तांतरित की गई।जिले के दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय भाटापारा में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार द्वारा 19वीं किस्त जारी होने के दिन को किसान सम्मान समारोह के रुप में मनाया गया।

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में इस दौरान योजना का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार विकासखण्ड कार्यालय एवं मैदानी अधिकारियों के माध्यम से करते हुए किसानों के बीच उनके आधार सीडेड बैंक में धनराशि जारी होने के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया। किसानों को योजना अंतर्गत पंजीयन की स्थिति, ई-केवायसी, भूमि विवरण, बैंक आधार सीडिंग आदि की जानकारी से अवगत कराया गया। जिले के 5 प्रतिशत किसानों का योजना में भौतिक सत्यापन भी किया जा रहा है जिसकी जानकारी किसान अपने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अथवा विकासखण्ड कृषि कार्यालय तथा बैंक शाखा में संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। बैंक में डीबीटी सक्रिय नहीं होने की स्थिति में हितग्राही स्वयं बैंक शाखा में संपर्क कर डीबीटी सक्रिय करावें अथवा पोस्ट ऑफिस बैंक में डीबीटी के साथ नवीन खाता खुलवाये।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्न विकासखण्ड कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ज्ञातव्य है कि कृषकों को कृषि आदान सामग्री की पूर्ति सुनिश्चित् करने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार की फ्लैगशीप योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि 01 दिसम्बर, 2018 से लागू की गई है। योजना का उद्देश्य कृषि भूमिधारक पात्र कृषक परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। योजना के तहत् पंजीकृत पात्र कृषकों को प्रति वर्ष 6000 रुपये की राशि दो-दो हजार की तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है।

कार्यक्रम में उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत कृषि विज्ञान केन्द्र भाटापारा, वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार कश्यप, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश कुमार उपाध्याय भाटापारा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सौरभ सिंह सहित अधिक संख्या में किसान उपस्थित रहे।

एक नजर

योगेश कल्पना तिवारी ने रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज की

रायपुर, 25 फरवरी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत बेमेतरा जिले के अंतर्गत बेरला

ब्लाक में भी रविवार को तीसरे व अंतिम चरण के लिए हुए,मतदान के बाद देर रात तक चले मतगणना के बाद परिणाम भी आ गए हैं। जिला पंचायत सदस्यों में जिले में सबसे बड़ी जीत भाजपा समर्थित योगेश कल्पना तिवारी ने दर्ज कर प्रदेश में सर्वाधिक मतों से रिकॉर्ड जीत दर्ज की है, योगेश कल्पना तिवारी ने लगभग 21 हजार वोटों के बड़े अंतर से जीत के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष बनने की उनकी दावेदारी मजबूत की है। भारी मतों के जीत ने पूरे जिले मे योगेश तिवारी के समर्थकों में भारी उत्साह है। अपनी जीत का श्रेय योगेश कल्पना तिवारी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के कामकाज को दिया है।

राजधानी में फिर चाकूबाजी

रायपुर, 25 फरवरी। भनपुरी रामेश्वर नगर में हिस्ट्रीशीटर बदमाश अरविंद वर्मा ने संजय

चंद्राकर को मारा चाकू, विवाद सुन परिजनों ने घर के बाहर निकल बचाई पीड़ित की जान पुरानी रंजिश के चलते अरविंद ने दिया घटना को अंजाम, बदमाश अरविंद वर्मा पर पूर्व में हत्या के प्रयास सहित दर्जन भर अपराध है दर्ज पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज आया सामने, मंगलवार सुबह 9 बजे की घटना, पीड़ित संजय को आंख व हाथ में आई गंभीर चोट इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती परिजनों का आरोप,अरविंद सहित दीपक वर्मा ने रची संजय के हत्या की साजिश खमतराई थाना इलाके का मामला।

दो बसों में भिड़ंत, 5 यात्री घायल

रायपुर, 25 फरवरी। शहर के टाटीबंध इलाके में तेज रफ्तार बस ने खड़ी बस को ठोकर मार दी. हादसे में 5 यात्री घायल हुए हैं. वहीं दोनों बसों के बीच एक महिला फंस गई थी, जिसकी हालात गंभीर है. घायलों को एम्स अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. घटना आमानाका थाना क्षेत्र की है. मिली जानकारी के मुताबिक, टाटीबंध ब्रिज के निचे सवारी बस खड़ी हुई थी. इस बीच सरोना की ओर से आ रही तेज रफ्तार बस ने खड़ी हुई बस को ठोकर मार दी. हादसे में 5 यात्री घायल हो गए. भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि एक बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई. एक महिला दोनों बसों के बीच में फंस जाने से गंभीर रूप से घायल हो गई. सभी घायलों को एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

जिला पंचायत व जनपद अध्यक्ष के कई दावेदार

■ रायपुर से केशव मनहरे, पत्थलगांव से शौर्य प्रताप का नाम चर्चा में

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 25 फरवरी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पश्चात अब जिला पंचायत व जनपद अध्यक्ष बनने के लिए जोड़-तोड़ शुरू हो गई है। जनपद अध्यक्ष बनने के लिए भी निर्वाचित जनपद सदस्यों से सम्पर्क किया जा रहा है। रायपुर जिले में केशव मनहरे को जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने के लिए भाजपा का एक गुट सक्रिय हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले में जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 16 है। इनमें से आरंग, तिल्दा-नेवरा और धरसींवा से भाजपा समर्थित सदस्य निर्वाचित होकर आए हैं। कांग्रेस से भाजपा में आए चंद्रशेखर शुक्ला चुनाव हार गए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा को भी पराजय मिली है। आरंग के क्षेत्र क्रमांक 18 से केवश मनहरे और विधायक खुशवंत सिंह साहब के छोटे भाई योगेश गुरु के बीच कड़ा मुकाबला था जिसमें भाजपा के बागी प्रत्याशी केशव मनहरे ने बाजी मार ली है। अब वे जिला पंचायत अध्यक्ष बनने के लिए प्रयास कर रहे हैं। भाजपा ने अभी तक जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए कोई अधिकृत रणनीति तय नहीं की है। पंचायत चुनाव गैरदलीय आधार पर लड़े जाते हैं, लेकिन भाजपा समर्थित अन्य प्रत्याशी भी चुनाव जीत गए हैं। जिसके कारण चुनाव काफी रोमांचक होगा।

सदस्यों को उठाया जा रहा - जनपद अध्यक्ष तिल्दा में अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी कर रहे देवव्रत शर्मा सदस्यों से सम्पर्क कर रहे हैं। वहीं अन्य सदस्य भी सक्रिय हैं। पूर्व सभापति राजू शर्मा के भतीजे होने के कारण उन्हें यहां व्यापक समर्थन मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष का चयन करने के लिए अपने कई सदस्यों को नामजद किया है।

पत्थलगांव में मुख्यमंत्री के निकटतम रिश्तेदार सालिक साय चुनाव जीत गए हैं। यहां पर भाजपा का बहुमत है। जिला जनपद अध्यक्ष पद के लिए दिलीप सिंह जूदेव के पौत्र शौर्य प्रताप सिंह भी सामने आए हैं। नगरी-सिहावा विधानसभा क्षेत्र के मगरलोड ब्लाक से विजयी टीकाराम कंवर पूर्व पुलिस अधिकारी हैं। उनकी दावेदारी सामने आई है। महासमुंद में विधायक संपत अग्रवाल तथा संगठन पदाधिकारी मिलकर जिला जनपद अध्यक्ष के दावेदार का फैसला करेंगे। अन्य जिलों में भी यही स्थिति है।

राजीवनगर कालोनी में महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 25 फरवरी। भारत गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित द्वारा विकसित राजीवनगर कालोनी के श्री शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम अखण्ड रामायण पाठ के साथ प्रातः 11 बजे से शुरू हो गया। रात्रि में श्री शिव जी का विशेष श्रृंगार कर ठंडाई का भोग लगाया जायेगा। 26 फरवरी को प्रातः 4 बजे से 10 बजे तक मंदिर के पुजारी आचार्य पं. पंकज शुक्ला के मार्गदर्शन में विद्वान पंडितों द्वारा रूद्रीपाठ व जल तथा दुग्ध महाअभिषेक सम्पन्न कराया जावेगा। अभिषेक पश्चात् प्रातः 10:30 बजे से भगवान श्री शिव जी का विशेष श्रृंगार कर पूजा, अर्चना एवं आरती की जावेगी। मंदिर में आयोजित परसादी भंडारे में लगभग 5000-6000 दर्शनार्थी परसादी प्राप्त करते हैं। श्री शिव जी को प्रातः 11:00 बजे भोग लगाया जावेगा। तत्पश्चात् स्व. जीवनलाल जी सिंघानिया की स्मृति में प्रतिवर्ष की भांति भण्डारा परसादी 11:30 बजे से शुरू होगा, जो शाम तक चलता रहेगा। इसी कड़ी में आगे शाम 5 बजे सहस्त्र धारा अभिषेक एवं संध्या 7 बजे विशेष श्रृंगार व महाआरती होगी।

एनएसयूआई नेता पहुंचे एमिटी विश्वविद्यालय घेराव की दी चेतावनी

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 25 फरवरी। विश्वविद्यालय में सन बर्न फेस्ट का आयोजन किया गया था इसका आयोजन छात्र-छात्राओं के लिए किया गया था। किन्तु सन बर्न के द्वारा छात्र-छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था पर भारी चूक देखने को मिली जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने बताया कि विश्वविद्यालय के मेन गेट से भारतीय जनता पार्टी का झण्डा लगाए हुए बीजेपी तथा एबीवीपी कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा हॉस्टल के छात्र आदित्य अग्रवाल जो BBA xrd ईयर का छात्र है उससे मारपीट की गई तथा उसे गंभीर रूप से घायल किया गया छात्र के परिजनों से बात करने पर पता चला कि छात्र का दो दिनों तक उपचार जारी रहा किंतु विश्वविद्यालय द्वारा दोषी छात्रों तथा बाहरी असामाजिक तत्वों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने एमिटी के वाईस चांसलर पीयूषकांत पांडेय तथा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ध्यानी से मामले को लेकर ज्ञापन दिया गया तथा वाईस चांसलर तथा रजिस्ट्रार ने एनएसयूआई को आश्वासन दिया कि एक हफ्ते के भीतर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

एमिटी विश्विद्यालय शुरू से ही अपराध में संलिप्त रहा है छात्र से मोटी रकम वसूल करने के पश्चात भी छात्र छात्रों को सुरक्षा देने में असमर्थ रहा है बाहरी लोगो का विश्विद्यालय में घुसकर मारपीट की अनेक घटना आए दिन देखने को मिलती है यदि दोषियों पर एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नही की गई तो NSUI विश्वविद्यालय का घेराव करेगी।

अध्यक्षों व सभापतियों का चुनाव 4 से 11 मार्च के बीच

रायपुर, 25 फरवरी। भाजपा ने आगामी नगर निगम, पालिका और पंचायत चुनावों को लेकर अपनी कार्ययोजना पर विचार करने के लिए सोमवार को पर्यवेक्षकों की एक बैठक आयोजित की। इस बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि नगर निगम सभापति और नगर पालिका अध्यक्ष चुनाव 4 से 6 मार्च, तथा नगर पंचायत अध्यक्ष चुनाव 9 से 11 मार्च तक पूर्ण किए जाएंगे। उन्होंने भाजपा के पंचायत चुनाव में 33 जिलों में से 30 जिलों में प्रचंड जीत का जिक्र करते हुए इसे पार्टी के लिए एक बड़ा जनादेश बताया। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने इस दौरान पार्टी की शानदार प्रदर्शन को रेखांकित किया, उन्होंने कहा कि 3200 वार्डों में से 1868 वार्ड में भाजपा ने जीत हासिल की है और भाजपा का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। विधायिका और लोकसभा चुनावों के साथ-साथ नगरीय निकाय चुनावों में भी भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे पार्टी का आत्मविश्वास और बढ़ा है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने सभी कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई देते हुए कहा कि भाजपा ने 85 प्रतिशत रिजल्ट हासिल किया है, लेकिन कांग्रेस के पक्ष में आए 15 प्रतिशत नतीजों की समीक्षा भी की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों को अब हर घर तक पहुंचाना एक बड़ा उद्देश्य है, जिसके लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

जय व्यापार पैनल को विजयी बनाने के लिए 21 व्यापारिक संगठनों ने समर्थन दिया

रायपुर, 25 फरवरी। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज चुनाव में जीत के प्रमुख दावेदार माने जाने वाले पैनल, जय व्यापार पैनल के प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी श्री अमर पारवानी, प्रदेश महामंत्री पद के प्रत्याशी श्री अजय भसीन एंव प्रदेश कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी श्री उत्तम गोलछा ने अपना दौरा तेज कर दिया है। इसी क्रम में आज जय व्यापार पैनल के सदस्यों ने शहर के विभिन्न व्यापारिक संगठनो का सघन दौराकर कर व्यापारियों से मुलाकात कर जय व्यापार पैनल के सभी प्रत्याशियों को प्रचंड मतों से विजयी बनाने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान जय व्यापार पैनल को शहर के विभिन्न व्यापारिक संगठनो का भरपूर सहयोग एवं समर्थन मिल रहा है।

25 जिलों में बनेंगे कांग्रेस के जिला पंचायत अध्यक्ष

रायपुर, 25 फरवरी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में 25 जिलों में कांग्रेस के जिला पंचायत अध्यक्ष बनने जा रहे है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने दावा किया कि 18 जिलों में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत है तथा 7 जिलों में कांग्रेस के विचारधारा के सदस्यों के साथ हमारा बहुमत है। भारतीय जनता पार्टी अपने दम पर केवल 8 जिला पंचायतों में ही बहुमत पर है। तीनों चरण में कांग्रेस के कुल 234 जिला पंचायत सदस्य चुनाव जीत कर आये है। जनपद पंचायतों एवं सरपंचों के चुनावों में भी कांग्रेस के समर्थित उम्मीदवार भाजपा से अधिक चुनाव जीत कर आये है। जनपद पंचायत में कुल 2932 क्षेत्रों में से कांग्रेस के 1761 सदस्य चुनाव जीत कर आये है। सरपंचों के 10187 गांवों में से 6985 कांग्रेस समर्थित सरपंच चुनाव जीत कर आये है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जिला पंचायतो एवं जनपदों में हारने के बाद सत्ता के दुरुपयोग पर उतर आई है। बिना बहुमत के भी भाजपा का अध्यक्ष बनाने के लिये कांग्रेस समर्थित सदस्यों पर सरकार द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। कलेक्टर एसपी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को जिला पंचायत सदस्यों को उठाने की जवाबदारी दी गयी है। कांग्रेस समर्थित सदस्यों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने लालच एवं दबाव बनाया जा रहा है।

खिलाड़ियों को 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में मिलेंगे बोनस अंक

रायपुर 25 फरवरी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10 वीं एवं 12 वीं के स्पोर्ट्स स्टूडेंट्स को बोर्ड परीक्षा में 10 से 20 तक बोनस अंक दिए जाएंगे। एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड, साक्षरता कार्यक्रम के स्वयंसेवक एवं अन्य चयनित गतिविधियों में शामिल छात्रों को भी बोनस अंक का लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की सचिव पुष्पा साहू ने इसके लिए शिक्षा विभाग को पत्र भेजकर खिलाड़ियों की सूची मांगी है। राज्य स्तरीय खेलों में भाग लेने वाले छात्रों को 10 अंक, राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी करने वालों को 15 अंक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को 20 अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे।

सफलता के लिए समय प्रबंधन और समर्पण जरूरी: हिमांशु

रायपुर, 25 फरवरी। शासकीय के.आर.डी. कालेज नवागढ़ में आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ समिति के तत्वाधान में सिविल सर्विस परीक्षा की तैयारी कैसे करें? पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में नई दिल्ली से आए हुए मुख्य वक्ता श्री हिमांशु भास्कर, भारतीय राजस्व सेवा, वर्ष 2023 बैच के अधिकारी ने कहा कि सफलता के लिए उचित समय प्रबंधन एवं समर्पण जरूरी है। आगे बताया कि ऊंचे लक्ष्य को छोटे - छोटे लक्ष्यों में बांट कर तैयारी करना चाहिए। अब हिंदी भाषी छात्रों के लिए सिविल सेवा सर्विसेस को उत्तीर्ण करने के लिए बड़ी संख्या में स्टडी मटेरियल उपलब्ध है। विशिष्ट अतिथि श्री आशीष पुरषोत्तम, सहायक फैकल्टी, नेक्स्ट आई.ए.एस. , नई परीक्षा ने सिविल सर्विस परीक्षा के संदर्भ में उसके पाठयक्रम से संबंधित दिनचर्या कैसे बनाएं और अमल करें।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26